# सामाजिक समाचार

## विश्वकर्मा एकीकरण अभियान में 17वां समारोह सम्पन्न

विश्वकर्मा एकीकरण अभियान का 17वां अभियान दिवस समारोह अभिनव कला सभागार इंदौर में मध्यप्रदेश के स्वयं सेवकों द्वारा धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर विश्वकर्मा एकीकरण अभियान के केन्द्रीय संचालक वी.के. विश्वकर्मा 'पांचाल रत्न' भोपाल मुख्य अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता मध्य प्रदेश अभियान प्रभारी नेता रमेश विश्वकर्मा 'पत्रकार' इंदौर ने किया।

इस मौके पर विश्वकर्मा एकीकरण अभियान के गठन एवं उसके समृद्ध उपलब्धि की चर्चा की गई। साथ ही अभियान को और भी मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर अनेकों उपस्थिति स्वयं सेवकों ने बहुत ही सुन्दर-सुन्दर विचार प्रस्तुत किए। तत्पश्चात् समाज सेवी वरिष्ठ स्वयं सेवकों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। केन्द्रीय प्रचारक बिरजू शर्मा ने कहा कि एकीकरण से ही समाज का विकास संभव है। एकीकरण के फलस्वरूप अनेकों स्थानों पर विश्वकर्मा समाज के पार्षद जीतकर आए हैं। इंदौर में जो भी समाजजन पार्षद के उम्मीदवार होंगे उनको अमानत राशि के 25% राशि देने की घोषणा की। उनके घोषणा से प्रेरित होकर अन्य दो पदाधिकारी गणों ने भी 25%-25% राशि देने की घोषणा की। इस तरह अभियान की तरफ से एक अच्छी पहल की शुरूआत हुई, जिसकी सभी उपस्थित सदस्यों ने सराहना की।

मुख्य अतिथि विश्वकर्मा एकीकरण अभियान के केन्द्रीय संचालक वी.के. विश्वकर्मा 'पांचाल रत्न' भोपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अभियान प्रमुख जे.एन. विश्वकर्मा पूर्व आई.ए.एस. लखनऊ की जन्म दिवस के शुभ अवसर पर सभागार में उपस्थित समस्त स्वयं सेवकों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनके दीर्घायु होने की कामना की। वैसे ही पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट के साथ गूंज उठा।

आगे जानकारी देते हुए बताया कि 9.7% वाला विश्वकर्मा समाज राजनीति के क्षेत्र में पिछड़ा है। संख्यानुपातिक देश के 543 सांसद तथा 4215 विधायकों में से 512 विधायक विश्वकर्मा समाज से होने चाहिए थे, जबकि हम शून्य के बराबर हैं। अब जरूरत है अपने हक एवं अधिकार प्राप्त करने के लिए हम लोगों को एक बड़ी लड़ाई लड़ने की जिससे समाज को सत्ता में भागीदारी मिल सके। विश्वकर्मा एकीकरण अभियान समाज की सत्ता में भागीदारी के लिए सतत् प्रयासरत है। आइए हम सब मिलकर चलें एकीकरण से सत्ता की ओर।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रदेश प्रभारी नेता रमेश विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा एकीकरण अभियान का गठन के पीछे एक ही उद्देश्य रहा है कि विश्वकर्मा समाज की सत्ता में भागीदारी दिलाकर वैभवशाली मुकाम तक पहुँचाया जा सके। प्रदेश संचालक शरद शर्मा वास्तु सलाहकार ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर वी.के. विश्वकर्मा, नेता रमेश विश्वकर्मा, रमेश चन्द्र पांचाल, शरद शर्मा वास्तु सलाहकार, गेंदमल पांचाल, बिरजू शर्मा, रमेश चन्द्र पांचाल, राधेश्याम पांचाल, दिलीप पांचाल, विनोद शर्मा, कन्हैयालाल विश्वकर्मा, अरूण शर्मा, राकेश शर्मा, घनश्याम गोरना, रामदीन विश्वकर्मा, मुरारी लाल पांचाल, मोतीलाल विश्वकर्मा, देवी लाल विश्वकर्मा, सुरेश पांचाल, राजाराम विश्वकर्मा, नीरज विश्वकर्मा, हीरेन्द्र पांचाल, जानकीलाल विश्वकर्मा, खंनु विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, सुभाष पांचाल, सी.एम. विश्वकर्मा, नागेश्वर विश्वकर्मा, भानुप्रताप पांचाल, रमेश खुंदवाल, बल्लभ भाई पांचाल, शिव शंकर विश्वकर्मा, महेश चौहान, शिव प्रसाद विश्वकर्मा आदि समेत स्वयं सेवक मौजूद थे।

-उमाशंकर विश्वकर्मा

## श्री तारातरा मठ मालाणी के महादेव श्री 1008 श्री मोहनपुरी जी महाराज की चतुर्थ बरसी मेला महोत्सव सम्पन्न

5 सितम्बर, 2019 को पश्चिमी राजस्थान की पावन धन्य धरा जिला बाड़मेर के तारातरा मठ मालाणी के महादेव श्री 1008 श्री मोहनपुरी जी महाराज की चतुर्थ बरसी पर मेला महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन हुआ। जिसमें संत प्रतापपुरी महाराज का अभिनन्दन समाज सेवी मुम्बई श्री धर्म जी कुलरिया, शंकर जी कुलरिया तथा बैंग्लुरु से भंवर लाल जी गुगरिया पूर्व अध्यक्ष ट्रस्ट, श्री तेजेश जी लूंजा जांगिड समाज के ट्रस्ट के अध्यक्ष ने संत जी का अशीर्वाद ग्रहण किया। वहीं मुख्य अतिथि जोधपुर के महाराज गजेसिंह, अतिविशिष्ठ अतिथि, विशिष्ठ अतिथि मुम्बई से उद्योगपति श्री भंवर जी कुलरिया व इंटीरियर जगत् की शख्सियत श्री शंकर कुलरिया व बैंग्लुरु से उद्योगपति भंवर जी गुगरिया, श्री तेजेश जी लूंजा, श्री जगतराम जी भदरेचा, श्री राज जांगिड अभिनेता, श्री बजरंग लाल जांगिड (प्रिंसिपल) कोनरा, श्री मुनाराम सुथार बरजासर, श्री गुमानाराम जी माकड़ जोधपुर, श्री कुनाल जांगिड, श्री गितेश जांगिड, श्री त्रिलोक जांगिड एंकर, श्री उदय किशन जी जोपालिया जालोर और देश भर से संत महात्मा व उद्योगपति तथा समाज सेवी व राजनेता गण उपस्थित हुए।

इस अवसर पर देव लोक गमन संत श्री दुलाराम जी कुलरिया एवं गौ सेवी संत श्री पदमाराम जी कुलरिया परिवार द्वारा 21 लाख रुपए का सहयोग मठ के लिए प्रदान किया गया।

महारानी हेमलता राजे का स्वागत श्री भंवरलाल जी कुलरिया व समाज सेवी श्री शंकर जी कुलरिया द्वारा गौ माता का प्रतीक चिह्न भेंट कर किया गया। अध्यक्षता महंत श्री जगदीशपुरी महाराज ने की। इस अवसर पर कई संत महात्माओं के चरण इस धन्य धरा पर पड़े।

श्री विश्वकर्मा समाज चौहटन द्वारा धार्मिक नगरी चौहटन में पधारे हुए सभी अतिथियों एवं भामाशाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कुलरिया परिवार द्वारा समाज संस्थान चौहटन को तीन लाख का आर्थिक सहयोग दिया। इस अवसर पर श्री नाथूराम जी अध्यक्ष, श्री हरिश जी मारूड़ी, श्री रावत मल जी कुलरिया, श्री मंगलाराम जी गेपाल, श्री तुलछाराम कुलरिया, श्री प्रहलाद जी ओढाणा, श्री रामाराम जी आदि बड़ी संख्या में समाज बंधुओं की उपस्थिति रही।

### श्री सुथार जांगिड सेवा समिति जोधपुर के तत्वावधान में बाबारामदेव मेले में विशाल भण्डारे का आयोजन सम्पन्न

श्री सुथार जांगिड सेवा समिति जोधपुर के तत्वावधान में बाबा रामदेव मेले में पधारने वाले जातरुओं के लिए निःशुल्क भोजन, चाय, पानी, मेडिकल की लगातार 15 वर्षों से दिनांक 26 अगस्त, 2019 से 30 अगस्त, 2019 तक विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जोधपुर से 168 कि.मी. दूर पोकरण चम्पावत फिलिंग स्टेशन के पास भण्डारे का आयोजन 30 अगस्त, 2019 को सम्पूर्ण होने पर सायंकाल विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के कई भामाशाओं ने उपस्थिति दी।

भजन संध्या में मुख्य अतिथि में श्री मोहनलाल जी जायलवाल, मेहराराम जी पिडवा (सूरत) के सुपुत्र श्री सुरेश जी पिडवा, श्री हीरालाल जी आसदेव, रणछोड़ राम जी जांगिड, रमेश प्रकाश जी शर्मा, राणाराम जी भदरेचा, मुकेश जी सरपंच बेदु, रामदेव जी करेल समाज के अतिथिगणों ने पधारकर समिति को सहयोग प्रदान किया। समिति के अध्यक्ष रामपाल खण्डेलवाल जी के अनुसार हर वर्ष की भांति साफा व स्मृति चिह्न प्रदान कर अतिथियों का सम्मान किया जाता है। इस वर्ष सम्मान समारोह का आयोजन नहीं किया गया, कारणवश हमारी समिति ने लगातार 15 वर्षों से सहयोग करते आ रहे भामाशाह श्रीमान् सोनाराम जी भणरेचा ग्राम चांवदिया हाल निवासी जोधपुर में व घेवर राम जी नागल पांचोडी के छोटे भाई गोपाल जी की धर्मपत्नी का निधन हो जाने के कारण ये सम्मान समारोह निरस्त कर दिया। समिति की ओर से भगवान विश्वकर्मा जी से प्रार्थना करते हैं कि इन दोनों परिवारों को इस दुःख की घड़ी में इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे तथा दिवंगत आत्माओं को अपने शरण में जगह दे।

भजन संध्या में गजेन्द्र राव एण्ड पार्टी द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। समिति के अध्यक्ष रामपाल खण्डेलवाल, सचिव शिव लाल माण्डण, कोषाध्यक्ष गंगाराम बरड़वा व पूरी समिति बाहर से पधारे अतिथियों का तहेदिल से धन्यवाद देती है और आगे भी आप ऐसे ही समिति को सहयोग करते रहेंगे ऐसी आशा रखते हैं।

### अंगिरा जयंति हर्षोल्लास के साथ मनाई

**जांगिड ब्राह्मण समाज अजमेर** के सान्निध्य में ब्रह्म ऋषि अंगिरा जी की जयंति का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से ऋषि पंचमी को मनाया गया। प्रातःकाल हवन-पूजन व आरती के कार्यक्रम हुए। दोपहर को आम सभा का आयोजन किया गया। सायंकाल शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभा यात्रा अंगिरा आश्रम से प्रारंभ होकर अंगिरा नगर, भजन गंज, शिव मन्दिर, श्रृंगार चंवरी, हनुमान नगर, बिहारी गंज, शिव नगर, सात पीली बालाजी मन्दिर से होते हुए वापस अंगिरा आश्रम पहुँची। महा आरती हुई एवं प्रसाद वितरण हुआ। शोभा यात्रा के दौरान मार्ग में जगह-जगह समाज बंधुओं व महिलाओं द्वारा पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

**जांगिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह आयोजन समिति कोटपूतली** की ओर से गोपालपुरा रोड़ स्थित श्री अंगिरा आश्रम में श्री छीतरमल जांगिड की अध्यक्षता व श्री ओमप्रकाश जी के मुख्य आतिथ्य में महर्षि अंगिरा जयंती मनाई गई। महर्षि अंगिरा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती व पूजा की गई। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा महर्षि अंगिरा जी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा पंगत प्रसादी हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज बंधुओं में कैप्टन हेमराज जांगिड, श्री मातादीन जी, महावीर जी, श्री रोहिताश जी, छीतरमल, रामनिवास जी, रमेश आदि उपस्थित हुए।

### प्रो. डॉ. रामजीलाल जांगिड ने जल संकट के प्रति युवा पीढ़ी को किया सचेत

मीडिया विशेषज्ञ प्रो. डॉ. रामजीलाल जांगिड ने भारतीय जन संचार संघ और दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दू कॉलेज की पर्यावरण समिति (पंचतत्व) की राष्ट्रीय संगोष्ठी में कहा कि भारत में हर वर्ष सैंकड़ों लोग बाढ़ में मर जाते हैं, जबकि साफ पानी न मिलने से लगभग दो लाख लोगों की मौत हो जाती है।

इसलिए महिलाओं और मीडिया की सक्रिय भूमिका के लिए तैयार करने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को भी इस भयावह हो रहे संकट के प्रति सचेत करने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि प्रो. जांगिड पूरे एशिया में ऐसे प्रथम और अकेले मीडिया शिक्षक हैं जिनके दो छात्रों अंश गुप्ता और रविश कुमार को एशिया का नोबेल पुरस्कार ''रमन मैग्सेसे'' सम्मान मिला है।

### जांगिड ब्राह्मण संस्थान गोल्याणा (लोहार्गल) द्वारा जिला न्यायाधीश जोधपुर एवं मुंसीब मजिस्ट्रेट जयपुर का किया सम्मान

जांगिड ब्राह्मण संस्थान गोल्याणा (लोहार्गल) में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा के उपप्रधान हरीनारायण जी चला की अध्यक्षता में श्रीमान् साहब राम मोटयार जिला न्यायाधीश जोधपुर एवं आपकी सुपुत्री श्रमती कोमल मोटयार मुंसीब मजिस्ट्रेट जयपुर के लोहार्गल आगमन पर जोरदार अभिनन्दन किया गया। संस्थान संरक्षक शिक्षाविद् सुभाष जी चारां का बास ने कहा कि लोहार्गल संस्थान 100 साल पुरानी संस्था है। धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से यह हमारे पुरखों का हमें अप्रतिम उपहार है, हमें सभी के सहयोग से इसके गौरव को बढ़ाना है। इस अवसर पर भामाशाह गिगराज जी चिराना, बनवारी लाल जी खंडेलसर राष्ट्रीय उपप्रधान, लालचन्द जी सबलपुरा अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा कल्याण समिति सीकर, प्रो. एन.एल. जांगिड, बी.एल. जांगिड एक्स.ई.एन. नवलगढ़, रामगोपाल जी पंवार, बनवारी जी लदोया, मक्खन जी कोटड़ी, कन्हैयालाल सांवलोदा, रामदेव जी चिराना, ओमप्रकाश जी देवगांव, रामनिवास जी लदोया सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध समाज बन्धु उपस्थित रहे। संस्थान अध्यक्ष बजरंग जी बसावा ने सभी का आभार प्रकट किया तथा मोटयार साहब ने संस्थान की प्रगति के लिए सभी की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

-मेघाराम, देवगांव, मंत्री (समिति)

### नजफगढ़ शाखा सभा के अन्तर्गत शिक्षा कल्याण समिति का वार्षिकोत्सव समारोह सम्पन्न

11 अगस्त, 2019 को नजफगढ़ शाखा सभा के अन्तर्गत शिक्षा कल्याण समिति का वार्षिकोत्सव समारोह अत्यन्त भव्य एवं सफल रहा। समारोह में श्री लादूराम जांगिड प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली (अ.भा.जां.ब्रा. महासभा), डॉ. शेर सिंह जांगडा प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा, श्री सत्यपाल वत्स (संरक्षक महासभा), श्री राम कुमार जी भरथल महामंत्री शिरोमणी सभा, श्री आर.पी. सिंह जांगिड प्रदेश प्रभारी दिल्ली, श्री गंगादीन जी प्रधान विश्वकर्मा मन्दिर पहाड़गंज, श्री अमन जांगिड निगम पार्षद पालम एवं समाज की कई महान् विभूतियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। नजफगढ़ शाखा सभा की कार्यकारिणी विशेष रूप से इस भव्य आयोजन के लिए बधाई की पात्र है, जिनकी मेहनत से समारोह भव्य एवं सफल हो सका।

### नि:शुल्क आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन शाहपुरा पंचम की गणेश प्रसादी एवं भामाशाह सम्मान समारोह सम्पन्न

25 अगस्त, 2019 को जंगलेश्वर महादेव (हनुमान जी) मन्दिर, त्रिवेणी धाम, शाहपुरा (जयपुर) में श्री विश्वकर्मा जांगिड ब्राह्मण विकास समिति शाहपुरा के तत्वावधान में आयोजित पंचम नि:शुल्क आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन की गणेश प्रसादी एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री नाथूलाल मऊ थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि पूर्वक गणेश वन्दना एवं विश्वकर्मा पूजन से हुआ जो श्री चौथमल झडाया द्वारा किया गया। भामाशाओं का माल्यार्पण कर, प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में नव विवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में जांगिड समाज के लोगों को समाज विकास में सक्रिय होकर भागीदारी निभाने को कहा। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री भागीरथ मल जांगिड सिहोड़ी ने कहा सामाजिक संस्थाओं को समाज की तरूण पीढ़ी की शिक्षा व जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक सम्बल प्रदान करने पर ठोस योजना बनाने की बात कही।

कार्यक्रम में नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष दामोदर पंवार व कार्यकारी अध्यक्ष बाबूलाल आसल्या ने पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा सम्मेलन में योगदान देने वाले भामाशाओं का आभार जताया। इस अवसर पर श्री सूरजमल जांगिड तह. अध्यक्ष जमुवारामगढ़, ओमप्रकाश जांगिड तह. अध्यक्ष आमेर, धर्मपाल जांगिड तह. अध्यक्ष कोटपूतली, श्री रमेश चन्द रावत तह. अध्यक्ष बस्सी, पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर श्री नवल किशोर शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर श्री हरिशंकर जांगिड, भामाशाह राम अवतार आसल्या, रामचन्द्र जांगिड सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में केदारमल खाटू, हरिप्रसाद जांगिड तह. अध्यक्ष तिजारा, ओमप्रकाश जांगिड, कैप्टन हेमराज, श्री मीठूलाल जी तह. अध्यक्ष पावटा, श्री लालचन्द जांगिड उपाध्यक्ष प्रदेश सभा एवं बहरोड़, पावटा, कोटपूतली, चौमूं, बस्सी, थानागाजी, नीम का थाना, श्री माधोपुर, सीकर, अजीतगढ़ आदि से सैंकड़ों समाज बंधुओं ने अपनी उपस्थिति दी। समाज में व्याप्त कुरुतियों के उन्मूलन में सक्रिय भूमिका निभाने का भी संकल्प लिया।

सभी ने गणेश प्रसाद का आनन्द लिया।

### समाज द्वारा जगह-जगह स्वतंत्रता दिवस मनाया

* श्री श्याम मित्र परिवार सेवा समिति, मुरलीपुरा स्कीम, जांगिड विकास समिति दादी का फाटक, मुरलीपुरा स्कीम, कारपेन्टर एसोसिएशन विकास समिति (रजि.) जयपुर के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा कार्यालय आर.के. फर्नीचर पर तीनों समितियों द्वारा सामूहिक रूप से एक मंच पर एक साथ ध्वजारोहण कर 73वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।
* श्री विश्वकर्मा सुथार समाज छात्रावास सांचौर (जालौर) में भी 73वां स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रगीत हुआ।

### प्रदेश सभा राजस्थान के जयपुर स्थित प्रदेश सभा भवन में स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा जयपुर में 73वें स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज. व प्रबुद्ध समाज बंधुओं द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान हुआ तथा मिठाई वितरण कर सभी ने खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री आर.सी. शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री नवीन शर्मा, श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) प्रदेश प्रभारी राज., श्री राजेश शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा राज., श्री शंकर लाल जांगिड, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री सूरजमल जांगिड नींदड़, श्री पूरण जी झोटवाड़ा, श्री रामेश्वर जी टटेरा, श्री राहुल शर्मा पूर्व युवा प्रदेशाध्यक्ष, श्री नरेन्द्र देव शर्मा कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री भागीरथ जी सिहोड़ी उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री जगदीश प्रसाद जांगिड सहकोषाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री रमेश चन्द जी लावण्डीवाल महामंत्री जिला सभा, श्री सीताराम टटेरा उपाध्यक्ष प्रदेश सभा राज., श्री मुकेश झाझनवाड़ पूर्व तहसील अध्यक्ष बस्सी, श्री अशोक जांगिड, श्री गजानन्द गोगोरिया अध्यक्ष ढेहर के बालाजी, श्री महेन्द्र जी प्रदेश सभा, श्री मोहन खटवाड़िया अध्यक्ष अंगीरा धाम, श्री कन्हैयालाल चिचावा, श्री सुवा लालचन्द्र चिचावा, श्री सुवा लाल जी चला वाले, श्री बाबूलाल कारपेन्टर ब्लॉक अध्यक्ष विद्याधर नगर, श्रीमती अंजु जांगिड महिला जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री दीनदयाल जांगिड आदि उपस्थित हुए।

इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया।

* श्री दिनेश सारंग (आईआरएस) डिप्टी कमिश्नर (जीएसटी एण्ड कस्टम) अहमदाबाद गुजरात ने अहमदाबाद आईसीडी खोडियार एवं नारायण जी हाइट्स में ध्वजा रोहण किया।
* श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति 3/25, वरूण पथ, मानसरोवर, जयपुर में भी ध्वजा रोहण किया गया। इस अवसर पर

भंवरलाल गार्ड, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, श्री पी.डी. शर्मा, श्री सुधीर डेरोलिया, मुन्नालाल जी, कैलाश दायमा, शंकर लाल जी, बृजकिशोर शर्मा आदि उपस्थित थे।

* श्री विश्वकर्मा जांगिड ब्राह्मण समाज समिति ढेहर के बालाजी के कार्यलय (भवन) पर ध्वजारोहण किया गया।
* श्री विश्वकर्मा बाल विद्या मन्दिर अहाता स्टेशन रोड़ पर भी हर वर्ष की भांति ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
* जांगिड समाज बैंग्लुरु द्वारा भी 73वें स्वतंत्रता दिवस पर समाज बंधुओं द्वारा ध्वजारोहण किया गया।
* जांगिड समाज द्वारा बालोतरा में भी स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया गया।
* जांगिड ब्राह्मण समाज बूंदी में विश्वकर्मा मन्दिर में झण्डारोहण का आयोजन हुआ।
* अलवर में जांगिड समाज द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम हुआ।

**विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट (रजि.) द्वारा आम सभा एवं छात्रवृत्ति समारोह 13 अक्टूबर, 2019 को आयोजित किया जाएगा**

13 अक्टूबर, 2019 को विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली द्वारा आम सभा एवं छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन पारीक आश्रम ट्रस्ट, अजमेर रोड़, पुष्कर (राज.) में आयोजित किया जाएगा। जिसकी पूर्व सूचना निर्धारित कार्यक्रमानुसार आपको भेज दी जाएगी। अत: आपसे निवेदन है कि आप अपनी जानकारी अनुसार समाज के भी आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति हेतु अनुमोदित कर प्रोत्साहित करें। आवेदन पत्र में निम्न जानकारी आवश्यक है:-

1. छात्र/छात्रा का नाम, 2. पिता का नाम, स्थायी पता, मोबाइल नं., परिवार की आय, नियमित अध्ययनरत कोर्स/कक्षा/वर्ष, कॉलेज/इन्स्टीट्यूट का बोनाफाइड सर्टिफिकेट संलग्न करना है। गत वर्ष की परीक्षा की सत्यापित मार्कशीट संलग्न करनी है, फोटो एप्लीकेशन पर लगाना है पासपोर्ट साइज का।

मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारियां सही हैं। मुझे छात्रवृत्ति मिले, मैं हर हाल में पूरी मेहनत के साथ पढ़ूंगी/पढ़ूंगा और विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट के प्रति सदैव निष्ठावान रहूंगी/रहूंगा। समय आने पर ट्रस्ट की सदस्यता भी ग्रहण करूंगी/करूंगा। प्रार्थी के हस्ताक्षर

अनुमोदन : प्रमाणित किया जाता है इस छात्र/छात्रा की आर्थिक स्थिति कमजोर है, लेकिन मार्कशीट के अनुसार प्रतिभाशाली है। अत: इसे छात्रवृत्ति प्रदान कर अनुग्रहित करें।

1. ट्रस्टी का नाम, सदस्यता संख्या, फोन नं., हस्ताक्षर
2. ट्रस्टी का नाम, सदस्यता संख्या, फोन नं., हस्ताक्षर

**आवश्यक सूचना**

1. प्रार्थी 12वीं कक्षा से ऊपर किसी भी डिग्री या डिप्लोमा में अध्ययनरत होना चाहिए।
2. प्रार्थी के पिछले वर्ष की परीक्षा में प्राप्तांक 80% से कम नहीं होने चाहिए।
3. प्रार्थी किसी भी कॉलेज या संस्थान का नियमित छात्र होना चाहिए।
4. आवेदन पत्र ट्रस्ट के दो ट्रस्टियों द्वारा अनुमोदित होना अनिवार्य है।
5. चयनित छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु छात्रवृत्ति वितरण समारोह में स्वयं आना होगा।
6. आवेदन प्रपत्र 5 अक्टूबर 2019 तक ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय जी-249, फेस-6, आभा नगर, नई दिल्ली-47 पर अवश्य पहुँच जाना चाहिए। इसके बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
7. किसी भी रूप में अधूरी/गलत जानकारी देने पर आवेदन पत्र निरस्त समझा जाएगा।

निवेदन : विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट, श्री कैलाश चन्द जांगिड अध्यक्ष मो. 9811487233, श्री प्रेमचन्द जांगिड कोषाध्यक्ष मो. 9810072969, श्री अनिल कुमार जांगिड महासचिव मो. 9810988553



**श्री हजारीमल मोखा कुलरिया श्री विश्वकर्मा जांगिड समाज समिति फलौदी के अध्यक्ष चुने गए**

1 सितम्बर, 2019 को श्री विश्वकर्मा जांगिड समाज विकास समिति फलौदी (जोधपुर) की आम सभा का आयोजन श्री हीरालाल आसदेव की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें नई कार्यकारिणी के द्विवर्षीय सन् 2019-2021 के चुनाव अधिकारी श्री पन्नालाल मोखा एवं सहायक चुनाव अधिकारी लूणकरण जोपिंग, प्रेमाराम सलूण एवं श्रवण बामणिया के सान्निध्य में करवाए गए।

प्रस्ताव : आम सभा में समिति कोषाध्यक्ष श्री मोहनलाल आसदेव ने आय-व्यय का ब्यौरा निम्न प्रकार दिया। वर्ष 2017-2018 एवं वर्ष 2018-2019 तक कुल आय 98,51,286/-रु. बैंक में शेष 4,99,583/-रु. एवं रोकड़ शेष 44,483/-रु. है। कुल खर्च 93,07,220/-रुपए (तिरानवे लाख सात हजार दो सौ बीस रुपए) हुए।

इस आम सभा में उपरोक्त आय-व्यय का अनुमोदन किया गया।

नवीन कार्यकारिणी के चुनाव 2019-21 में निम्न पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने गए :-

**अध्यक्ष :** श्री हजारी मल मोखा कुलरिया, **वरिष्ठ उपाध्यक्ष :** श्री रावल राम माण्डण, श्री अमृतलाल आसदेव, श्री परमसुख सलूण, **उपाध्यक्ष :** श्री चुन्नीलाल सलूण, श्री नैनाराम पाखरवड़, श्री गोवर्धन जी, **सचिव :** श्री हुकमाराम कुलरिया, **सह. सचिव :** श्री हरिकिशन आसदेव, **कोषाध्यक्ष :** श्री मोहनलाल आसदेव, **सह. कोषाध्यक्ष :** श्री माणक लाल बरड़वा, **संगठन मंत्री :** सुन्दर लाल माण्डण, भागीरथ

नागल, मोहन लाखा, **प्रचार मंत्री :** ओमप्रकाश मंगलराव, हस्तिमल कुलरिया, रावल डोयल, किशन बरड़वा, राजू तथा फलौदी शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र से 19-19 कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए गए। इस प्रकार 57 व्यक्तियों की कार्यकारिणी घोषित हुई।

इस अवसर पर उपस्थित समाज बंधुओं में श्री सूरज डोयल, मोतीलाल डोयल, यागचन्द नागल, जेठमल, हस्तिमल डोयल, मदनलाल, नारायण डोयल, जसराज आसदेव, रावलराम मोखेरी, सुन्दरलाल, ज्ञानचन्द आसदेव, श्री नेमीचन्द डोयल, अमृतलाल आसदेव, अमराराम जी, लूणकरण जोपिंग, राजेन्द्र डोयल, राजेन्द्र सुथार, घेवरचन्द सुथार, माणक लाल मोखेरी, जगदीश धीर आदि सैंकड़ों की संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री पन्नालाल मोखा द्वारा किया गया।

अन्त में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री हजारीमल मोखा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## विश्वकर्मा जांगिड महिला विकास समिति द्वारा आयोजित सिलाई प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

विश्वकर्मा जांगिड महिला विकास समिति लाडनूं द्वारा आयोजित सिलाई प्रशिक्षण शिविर का समापन स्टेशन रोड़ स्थित विश्वकर्मा भवन में समारोह पूर्व किया गया।

शिविर में 10 अध्यापिकाओं ने वस्त्रों की सिलाई का प्रशिक्षण दिया। समारोह की मुख्य अतिथि मनोहरी देवी बोदलिया ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरण किए। विशिष्ट अतिथि के रूप में किरण देवी किंजा उपस्थित थी। कार्यक्रम में दीपा लदौया, अमिता कींजा, ममता रोलीवाल, सुलोचना जायलवाल, शीतल दायमा, पुष्पा लदौया, ज्योति किंजा व अन्य युवतियाँ उपस्थित रहीं।

## शाखा सभा अजमेर के तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा एवं वरिष्ठजन सम्मान समारोह सम्पन्न

1 सितम्बर, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा शाखा सभा अजमेर के तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा व वरिष्ठ जन सम्मान समारोह एवं सामूहिक गोठ का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज. व समारोह की अध्यक्षता श्री उमा शंकर पालड़िया पूर्व महामंत्री महासभा दिल्ली द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री बंशीलाल कींजा जिलाध्यक्ष अजमेर, श्री पारसमल जांगिड प्राचार्य कारागार प्रशिक्षण संस्थान अजमेर, श्री सतीश चन्द्र जांगिड से.नि. आर.पी.एस. अजमेर, श्री राजेश नेपालिया अध्यक्ष अजमेर जिला लघु उद्योग संघ एवं प्रदेश सभा, जिला सभा एवं स्थानीय संस्थाओं के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

समारोह का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि श्री बंशीलाल किंजा जिलाध्यक्ष के द्वारा महासभा के ध्वजारोहण के साथ हुआ। समारोह में समाज की माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, स्नातक, अधिस्नातक, खेलकूद आदि की 72 प्रतिभाओं को सम्मान पत्र, डॉक्यूमेंट फाईल, पेन सेट भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस प्रकार 12 वरिष्ठजनों को सम्मान पत्र, शॉल, श्रीफल, धार्मिक पुस्तक, छाता व ठण्डे पानी की बोतल भेंटकर सम्मानित किया गया।

मंच संचालन शाखा सभा मंत्री श्री राजेन्द्र जालोडिया द्वारा किया गया। अन्त में शाखा सभा अध्यक्ष जगदीश पाखरोट द्वारा समारोह में पधारे सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। तत्पश्चात् सभी ने सामूहिक गोठ का आनन्द लिया। शाखा सभा अध्यक्ष ने सभी समाज बंधुओं, कार्यकर्ताओं एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में परोक्ष व अप्रत्यक्षरूप से सहयोग करने पर आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कारपेन्टर एसोसिएशन विकास समिति राजस्थान जिला जयपुर द्वारा स्नेह मिलन एवं सामूहिक गोठ का भव्य आयोजन सम्पन्न

25 अगस्त, 2019 को होटल हवेली (पृथ्वीराज रोड़, बिड़ला ऑडिटोरियम के सामने स्टेच्यू सर्किल के सामने) में कारपेन्टर एसोसिएशन विकास समिति, राजस्थान की जिला जयपुर द्वारा स्नेह मिलन एवं सामूहिक गोठ का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री हनुमान सहाय जांगिड (टीला वाले) पूर्व वरिष्ठ सलाहकार कारपेन्टर एसोसिएशन विकास समिति जयपुर एवं पूर्व अध्यक्ष जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति राजस्थान द्वारा की गई। दीप प्रज्वलन श्री हरीश सुथार (समाज सेवी एवं वरिष्ठ कान्ट्रेक्टर) द्वारा किया गया। समारोह श्री रामचरण जांगिड (प्रदेश अध्यक्ष कारपेन्टर एसोसिएशन विकास समिति राज.) के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

अतिविशिष्ठ अतिथि : श्री हरिशंकर जांगिड (अध्यक्ष जयपुर शहर ओबीसी प्रकोष्ठ कांग्रेस), श्री घनश्याम जांगिड (जिलाध्यक्ष जयपुर अ.भा.जां.ब्रा. महासभा), श्री असलम भाई (वरिष्ठ मुस्लिम समाज सेवी), श्री लालचन्द बंजारा (अध्यक्ष बंजारा समाज)

समारोह के प्रायोजक : श्री रमेश चन्द जी (महालक्ष्मी टिम्बर्स एण्ड प्लाईवुड), श्री अमित खण्डेलवाल (चामुण्डा हार्डवेयर), श्री बजरंग लाल जांगिड (दादा कृपा ग्लास प्रा.लि.) थे।

सभी अतिथियों द्वारा विश्वकर्मा पूजा एवं आरती का गायन हुआ। अतिथियों को मंचासीन करवाया गया। समिति के श्री देवदत्त जांगिड अध्यक्ष, श्री चेतराम जांगिड सचिव, श्री गोपाल लाल जांगिड कोषाध्यक्ष, श्री महेश कुमार जांगिड एवं पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर, मोतियों की माला पहनाकर, साफा बंधवाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा अपने उद्‌बोधन में आयोजन कर्ताओं को बधाई दी और इस समिति के संगठन को मजबूत करने की भी सराहना की गई। श्री रमेश चन्द जी, श्री अमित खण्डेलवाल एवं श्री बजरंग लाल जी जोकि समारोह के प्रायोजक हैं उन्होंने अपने प्रोडक्टस् की जानकारी देते हुए समिति का आभार जताया।

मंच संचालन श्री महेश जांगिड एवं श्री देवदत्त जांगिड द्वारा किया गया। मंच के माध्यम से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम हुआ और सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया।

समारोह का आयोजन होटल हवेली में बहुत ही शानदार तरीके से

किया गया। प्रवेश द्वार पर ही अतिथियों एवं समाज बंधुओं का तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन करने के उपरान्त अन्दर प्रवेश करवाया गया। इस समारोह के तीनों प्रायोजकों द्वारा भव्य स्टालें लगाई गईं, जिसमें सभी ने अपने-अपने प्रोडक्ट्स का डिसप्ले कर उनकी जानकारी मुहैया करवाई तथा उनकी गुणवत्ता के बारे में बताया।

सुरभि फोक डांस एवं म्यूज़िक ग्रुप की ओर से सुन्दर नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई जिस पर दर्शक झूम उठे। इस कार्यक्रम के एंकर श्री अशोक कुमार थे, जिन्होंने अपनी मधुर आवाज़ से श्रोताओं को आनन्दित किया। समिति द्वारा इस समारोह में वृद्धजनों का दुपट्टा, मोतियों की माला, साफा बंधवाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया, जिनमें श्री रामजीलाल जांगिड सुपुत्र श्री नारायण लाल जांगिड, श्री बंशी लाल जांगिड सुपुत्र श्री मूलचन्द जांगिड, श्री जगदीश जांगिड सुपुत्र श्री नारायण जांगिड, श्री बृजमोहन जांगिड, श्री राधेश्याम जांगिड, श्री हनुमान सहाय जांगिड सुपुत्र श्री सुवा लाल जांगिड, श्री भंवरलाल जांगिड सुपुत्र श्री महादेव प्रसाद जांगिड, श्री रूपाराम जांगिड, श्री भंवरलाल जांगिड आदि थे।

समिति द्वारा इस अवसर पर सैकण्डरी एवं सी. सैकण्डरी स्कूल के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। जिन्होंने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए। उनको प्रतीक चिह्न एवं एक किट प्रदान कर सम्मान किया।

लक्की ड्रॉ कूपन का आयोजन हुआ, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थित महानुभावों में श्री गजानन्द जांगिड एक्स.ई.एन., पी.डब्ल्यू.डी., श्री रामस्वरूप जांगिड, श्री अशोक हरसोलिया, श्री घन्नालाल जी पूर्व अध्यक्ष जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति, श्री महावीर जी, राधेश्याम जांगिड गेटोर, श्री हनुमान सहाय कींजा अध्यक्ष जांगिड हस्तकला सेवा समिति, श्री घनश्याम जी, श्री भंवर लाल जी, श्री मालीराम जी आदि भी जां. हस्तकला सेवा समिति, श्री सत्यनारायण जांगिड पूर्व अध्यक्ष जां. समाज हस्तकला सेवा समिति, श्री जगदीश जी डूंगरी महामंत्री जां. समाज हस्तकला सेवा समिति, श्री रामअवतार जांगिड सांगानेर, श्री हुकमचन्द जांगिड, श्री मुकेश जी हाड़ोती, श्री जय प्रकाश जांगिड अध्यक्ष कारपेन्टर एसोसिएशन जिला अलवर, श्री सुल्तान सिंह जांगिड उपप्रधान महासभा, श्री रोहिताश जांगिड पूर्व उपाध्यक्ष प्रदेश सभा राज., श्री महेश जांगिड पूर्व अध्यक्ष जांगिड हस्तकला सेवा समिति, श्री विक्रम जांगिड (सी.एम. हाऊस), श्री राजेश कुमार नोहटा तहसील अध्यक्ष सांगानेर, श्री पी.एल. शर्मा से.नि. बीएसएनएल, बहरोड़ से प्रकाश जी, अरविन्द जी अध्यक्ष कारपेन्टर एसोसिएशन, मोहित कुमार, कारपेन्टर एसोसिएशन के सभी विधानसभा अध्यक्ष दीनदयाल एवं श्री विजय कुमार, श्री नवरतन जांगिड, श्री दामोदर प्रसाद जांगिड, श्री गोपाल बिसायती, श्री निर्मल कुमार जी पांच्यावाला, श्री चौथमल बंजारा आदि थे।

अन्त में श्री देवदत्त जांगिड समिति अध्यक्ष द्वारा सभी को स्नेह भोज के लिए आमंत्रित किया तथा सभी को अपना अमूल्य समय निकालकर समारोह की शोभा बढ़ाने पर आभार प्रकट किया।



**श्री कैलाश चन्द जांगिड (कटोरी वाले) जांगिड ब्राह्मण धर्मशाला अलवर के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए**

25 अगस्त, 2019 को जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला के चुनाव में श्री कैलाश चन्द जांगिड (कटोरी वाले) निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए।

श्री सुरेश चन्द जांगिड उपाध्यक्ष, श्री बाबूलाल जांगिड मंत्री, श्री महेश चन्द जांगिड उपमंत्री, श्री रघुवीर प्रसाद जांगिड कोषाध्यक्ष तथा श्री दौलतराम, कैलाश पुत्र गुलजारी लाल, रामअवतार, देवकी नन्दन, ताराचन्द व हरीश जांगिड को सदस्य मनोनीत किया गया।

**इनरव्हील क्लब बहरोड़ द्वारा की गई एक नई पहल**

दिनांक 23 अगस्त, 2019 को इनरव्हीन क्लब रोड़, अलवर द्वारा एक नए अभियान की शुरूआत की गई, जिसमें कलब सदस्य के भाई कृष्ण एवं भाभी शिखा के घर जाकर उनकी नवजात कन्या के जन्म की खुशी को उत्सव की तरह मनाया गया। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष अनुपमा शर्मा ने कहा "कन्या जन्म लक्ष्मी वरण" अभियान के तहत हमने कन्या जन्म को मनाने की एक मुहिम की शुरूआत की है, जिसमें क्लब द्वारा कन्या जन्म के अवसर पर कन्या को खिलौने, कपड़े एवं नवजात बच्चे से सम्बिधित उपयोगी वस्तुएं उपहार स्वरूप भेंट की गई हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास अधिकारी संगीता यादव ने लक्ष्मी जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर अभियान के नाम को सार्थक किया और कहा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान की सार्थकता भी तभी सिद्ध होगी जब हम सभी अपने स्तर पर इसके लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने क्लब द्वारा चलाये गए नव अभियान की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

क्लब सचिव रेखा गोयल ने बताया कि हमने अपने घर से इस अभियान की शुरूआत इसलिए की है ताकि हम ये संदेश दे सके कि जब हम अपने घर में कन्या जन्म को उत्सव के रूप में नहीं मनाएंगे तब तक हम इसे समाज में चरितार्थ कैसे करेंगे। क्लब कोषाध्यक्ष संगीता शर्मा ने कहा कि आज से कहीं पर भी हमारे क्षेत्र में कन्या जन्म हो तो इस अवसर को क्लब द्वारा उत्सव स्वरूप मनाया जाएगा। इस अवसर पर आंगन बाड़ी कार्यकर्ता ललिता यादव, रेखा शर्मा, अनिता शर्मा, रेखा रानी, सह सचिव अर्चना श्रृंगी, क्लब एडिटर रेणुका यादव, अंजु यादव, पूजा तिवारी, संजू शर्मा, त्रिलोकी तिवारी, बबीता शर्मा, नीरू जांगिड, सोनिया, ज्योति मित्तल, सरोज, आयुष गोयल, वासु गोयल आदि उपस्थित थे।

24 अगस्त कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर इनरव्हील क्लब बहरोड़ द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नारेड़ा कलां में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता विशेष वेशभूषा एवं दही हांडी आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस.एच.ओ. सुगन सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

विभिन्न प्रकार के छायादार पौधे विद्यालय प्रांगण में लगाए। कृष्ण एवं राधा की वेशभूषा में आए बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में विजय हुए बच्चों को क्लब द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष अनुपमा शर्मा ने प्रत्येक त्यौहार को क्लब द्वारा मनाने का प्रयास किया जाता है, ताकि भावी पीढ़ी को हमारी संस्कृति एवं परम्पराओं से जोड़ सके। अन्त में रेणु यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा महिला शक्ति की त्रैमासिक मीटिंग एवं जिला सभा जोधपुर की महिला नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

23 अगस्त, 2019 को वैभव फार्म हाउस (वैभव ग्रीन) डीपीएस चौराहा, बाईपास रोड़, जोधपुर में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा राज. की महिला शक्ति कार्यकारिणी की त्रैमासिक मीटिंग एवं जिला सभा जोधपुर की महिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संतोष जांगिड की अध्यक्षता एवं डॉ. प्रीति जांगिड के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। विशिष्ठ अतिथि श्रीमती जिया देवी व सम्पतलता जांगिड थी।

महिला प्रदेशाध्यक्ष की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मीना जांगिड के अनुसार समारोह का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा जी, श्री कृष्ण जी व माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर अतिथियों द्वारा करने एवं भगवान विश्वकर्मा जी की सामूहिक आरती का गायन तथा स्नेहलता द्वारा कृष्ण स्तुति एवं सुन्दर गीत गायन एवं अतिथियों का स्वागत अंजलि शर्मा व सुनिता शर्मा के मधुरम् गीतों पर नृत्य प्रस्तुति से हुआ। संयोजिका व जिला कार्यकारिणी संरक्षक निर्मला जांगिड ने स्वागत भाषण से अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें उपहार स्वरूप स्मृति चिह्न के साथ तुलसी के पौधे भेंटकर किया गया।

डॉ. मीना जांगिड ने बैठक के एजेण्डे से अवगत करवाते हुए बताया कि प्रदेश सभा की महामंत्री श्रीमती स्मिता जांगिड ने पूर्व बैठक की कार्यवाही की रिपोर्ट का पठन कर अनुमोदन करवाया। प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती संतोष जांगिड, डॉ. प्रीति जांगिड, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. मीना जांगिड, महामंत्री श्रीमती स्मिता जांगिड, संरक्षक एवं संयोजक निर्मला जांगिड, जिलाध्यक्ष जोधपुर एवं प्रदेश सभा पदाधिकारियों द्वारा जिला सभा की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण हुआ, जिसमें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई, जिसमें मुख्यत: जिला सभा कार्यकारी अध्यक्ष स्नेहलता जांगिड, महामंत्री सुनिता शर्मा, मंत्री मनीषा शर्मा व निशा शर्मा, कोषाध्यक्ष वर्तिका शर्मा, सह कोषाध्यक्ष नीलम जांगिड, उपाध्यक्ष स्मिता नांगल, संतोष जांगिड, भंवरी देवी, प्रमिला जांगिड, विधि सलाहकार एडवोकेट भावना नांगल, सांस्कृतिक मंत्री मोनिका जांगिड, बबीता जांगिड, रीना जांगिड, अंजली शर्मा, प्रचार मंत्री विशाखा जांगिड, प्रेमलता शर्मा, कविता शर्मा, शोभा शर्मा, रामकृपा जांगिड, प्रवक्ता खुशबु शर्मा, शानु शर्मा, संगठन मंत्री ज्योति जांगिड, रीना जांगिड, मंजुलता जांगिड, कृष्णा शर्मा, विनोद शर्मा, उषा शर्मा, आशा शर्मा, वर्षा जांगिड आदि ने शपथ ग्रहण की।

महिला प्रदेश कार्यकारिणी के उद्देश्यों का पुनरावलोकन एवं सक्रियता पर नव नियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष स्नेहलता व महामंत्री सुनिता शर्मा ने, वर्तमान परिपेक्ष्य में हमारा जांगिड समाज एवं हमारे कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया। वहीं प्रदेश महिला कार्यकारिणी के कार्यक्रमों हेतु कोष इक्ट्ठा करने पर डॉ. मीना जांगिड, निर्मला जांगिड, सुनीता जी ने सदन में चर्चा की तथा बताया कि हम सभी महिने में 100 रुपए प्रत्येक महिलाएं अगर (पेटीएम) के माध्यम से कोष इक्ट्ठा करे तो हम इस समस्या से उबर सकते हैं। सदन में प्रदेश सभा उपाध्यक्ष सविता शर्मा एवं जिलाध्यक्ष पाली संतोष शर्मा ने अपने जिले में कोष इक्ट्ठा करने संबंधी अपने विचार रखते हुए कहा कि अजमेर में यह कार्य पुरुष पदाधिकारी करते हैं, जिसमें हमें आज तक कोष की समस्या नहीं आती।

स्मिता नांगल, डॉ. प्रीति जांगिड, स्मिता जांगिड, सरिता शर्मा व ईशा जांगिड ने भी भगवान श्री विश्वकर्मा द्वारा प्रदत्त कला रूपी धरोहर का संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार पर अपने विचारों से अवगत करवाया। डॉ. प्रीति ने कहा समाज की हमारी जिम्मेदारी है हम सब मिलकर हमारी कला को और अधिक निखारना है।

समारोह के समापन सत्र में ''सुरीले रंग आप सभी के संग'' कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों एवं महिलाओं ने मिलकर राजस्थानी नृत्य की सामूहिक प्रस्तुति दी। समाज की अनेक महिलाओं ने इस समारोह को सफल बनाने में अपनी मुख्य भूमिका निभाई।

समारोह के अन्त में जन्माष्टमी के पावन पर्व के अवसर पर आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता में कान्हा हृदयांश जांगिड व कान्हा हितेश शर्मा ने बाजी मारी।

समारोह में उपाध्यक्ष प्रदेश सभा सविता शर्मा अजमेर, जिलाध्यक्ष पुष्पा शर्मा एवं कार्यकारिणी में मंजु शर्मा, संतोष शर्मा, सुन्दर देवी, शोभा शर्मा, बीना शर्मा आदि अजमेर से, पाली जिलाध्यक्ष संतोष जी, सोजत से प्रदेश उपाध्यक्ष अंजु जी, जयपुर जिलाध्यक्ष अंजु जांगिड, उपाध्यक्ष सीता जी, मंजु जी जयपुर से, राजसमंद से ईशा जांगिड, प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामा जी, जोधपुर से शीला लखानी, डॉ. सावित्रि जी, मीनाक्षी जी, गुलाब जी, कविता जी सहित लगभग दो सौ महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दी।

समारोह का संचालन निर्मला जांगिड द्वारा किया गया। प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती संतोष जांगिड द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया तथा डॉ. मीना जांगिड (कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष महिला शक्ति) द्वारा अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।



**जांगिड ब्राह्मण सेवा समिति ढेहर का बालाजी, जयपुर के अध्यक्ष पद पर श्री श्रीराम जांगिड निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए**

25 अगस्त, 2019 को जांगिड ब्राह्मण सेवा समिति परसराम ढेहर का बालाजी, सीकर रोड़, जयपुर के त्रैवार्षिक कार्यकाल के लिए अध्यक्ष पद के नामांकन की प्रक्रिया समिति भवन में सम्पन्न हुई,

जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 6 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। जाँच करने पर सभी नामांकन पत्र सही पाए गए। मुख्य चुनाव अधिकारी श्री भगवान सहाय जांगिड, पर्यवेक्षक श्री राम निवास जांगिड, उप चुनाव अधिकारी श्री प्रेम प्रकाश जांगिड की उपस्थिति में पाँच उम्मीदवारों ने समाज व संस्था हित में अपने नामांकन वापस ले लिए। जिसमें क्रमश: 1. श्री गजानन्द गोगोरिया, 2. श्री सुवा लाल जांगिड, 3. श्री सीताराम टटेरा, 4. श्री महेन्द्र कुमार शर्मा, 5. श्री राहुल शर्मा थे। मात्र एक नामांकन पत्र श्री श्रीराम जांगिड सुपुत्र श्री मुरलीधर जांगिड निवासी प्लाट नं. 72, परमहंस कॉलोनी, मुरलीपुरा, जयपुर का शेष रहा और इस प्रकार मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा श्री श्रीराम जांगिड को अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने जाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर श्री श्रीराम जांगिड को चुनाव अधिकारी द्वारा पद एवं गोपनीयता की भी शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर समाज बंधुओं में श्री मुंशी लाल जी, सूरजमल जी नींदड़, श्री छीतरमल सिरोठिया, श्री घीसालाल जी सिरोठिया, श्री कैलाश जी आलीसर, श्री किशोरी लाल जांगिड, श्री राम अवतार मीषण, श्री रामअवतार गोठड़ीवाल, श्री सुभाष चन्द जांगिड, श्री योगेश कुमार, श्री राजेश जांगिड, श्री लाला रामस्वरूप सहित कई समाज बंधुओं की उपस्थिति रही।

### बाड़मेर में आई.ए.एस., आर.ए.एस. की कोचिंग क्लासेज का शुभारंभ

बाड़मेर में प्रथम बार नई पहल के तहत खुलेगा आई.ए.एस., आर.ए.एस. का कोचिंग सेन्टर, जांगिड लाईब्रेरी एवं कोचिंग क्लासेज का शुभारंभ फीता काटकर पूर्व डी.जी.पी. सांगाराम जी जांगिड, पूर्व आर.ए.एस. श्री ललित के. पंवार, पूर्व आई.जी. महेन्द्र सिंह जी, आई.ए.एस. जोगाराम जी जांगिड आदि द्वारा विधिवत रूप से किया गया। श्री सांगाराम जी एवं श्री जोगाराम जी द्वारा बहुत पहले से ही शिक्षा के प्रति एक मुहिम चला रखी थी। अब समाज के प्रतिभाशाली बच्चों का आगे आने का अवसर प्राप्त होगा। अब अधिक प्रशासनिक एवं अन्य अधिकारियों को आगे लाने का यह प्रयास निश्चित रूप से समाज को और आगे बढ़ाएगा। राजस्थान की बॉर्डर पर स्थित बाड़मेर प्रारंभ से ही शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। यहाँ से आई.पी.एस., आई.ए.एस., आर.ए.एस. बड़ी संख्या में समाज को मिले है और यह इन्हीं अधिकारियों की सोच ही है, जिन्होंने इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का कार्य किया है और समाज को ऊँचाईयों पर पहुँचाने की अग्रिम सोच रखते हुए आज कोचिंग सेन्टर का विधिवत उद्घाटन किया है।

### प्रदेश सभा दिल्ली की कार्यकारिणी की बैठक समाज मठ, वसंत कुंज दिल्ली में सम्पन्न

25 अगस्त, 2019 को अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा प्रदेश सभा दिल्ली की कार्यकारिणी की बैठक, समाज मठ, वसंत कुंज में श्री चन्द्रपाल भारद्वाज महामंत्री अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दिल्ली की 26 शाखा सभाओं के अध्यक्षों एवं दिल्ली प्रदेश के चारों जिलों के अध्यक्षों ने इसमें अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई तथा अपने-अपने क्षेत्र की 3 वर्षों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा सभी अध्यक्षों ने अपने विचार समाज के सामने रखे।

बैठक में दिल्ली के अलग-अलग शाखा सभाओं से विशेष रूप से आमंत्रित लगभग 60 वृद्धजनों का सम्मान भी किया गया। सभी उपस्थित समाज बंधुओं ने दिल्ली प्रदेश के आगामी चुनाव पर विचार व्यक्त किए तथा सभी अध्यक्षों एवं समाज बंधुओं ने एक स्वर में श्री लादूराम जी जांगिड को पुन: 3 वर्ष के लिए दिल्ली प्रदेश का अध्यक्ष बनाने का संकल्प लिया। मंच संचालन श्री देवमणी जांगिड जी द्वारा किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में श्री लीलूराम जी, श्री कृष्ण असोजा जी, डॉ. हरीश जांगिड इत्यादि मंचासीन रहे। श्री चन्द्रपाल भारद्वाज जी ने प्रदेश भवन के रूके हुए निर्माण कार्य के विषय में समाज मठ के अध्यक्ष श्री देशराज जी व महामंत्री श्री यादराम जी से निर्माण कार्य को पुन: सुचारू रूप से शुरू करने का आग्रह किया व आए हुए सभी समाज बंधुओं ने एक स्वर में आग्रह कर इस निर्माण कार्य को सुचारू रूप से दिशा देने पर जोर दिया। श्री यादराम जी ने 250-300 बंधुओं को जल्दी से जल्दी कार्य को दिशा प्रदान करने का आश्वासन दिया।

बैठक का आयोजन अति सुन्दर रहा। आयोजक मण्डल एवं सभी समाज बंधुओं को बहुत-बहुत बधाई।

### अंगारी (थानागाजी) में अंगिरा जयंति समारोह व मेले का आयोजन सम्पन्न

3 सितम्बर, 2019 को ग्राम अंगारी (थानागाजी) अलवर राजस्थान में राष्ट्रीय धाम अंगारी में ऋषि पंचमी पर जांगिड ब्राह्मण समाज व अंगिरा धाम विकास संस्थान के तत्वावधान में महर्षि अंगिरा जयंति समारोह व मेले का आयोजन किया गया।

तेजाजी महाराज के मन्दिर में प्रात: 11 बजे ध्वज एवं कलशों की पूजा-अर्चना करने के पश्चात् महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा अनुपमा शर्मा की अध्यक्षता में महिला मोर्चा कार्यकारिणी द्वारा निकाली गई जो कि ग्राम के विभिन्न मार्गों से होती हुई अंगिरा धाम पहुँची। कालवाड़ जयपुर से भी शोभा यात्रा अंगारी धाम पहुँची। इस अवसर पर शीला जांगिड द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां भी दी गईं।

अंगारी धाम में महर्षि अंगिरा जी की मूर्ति का पवित्र जल से जलाभिषेक किया गया, वहीं सुन्दर झांकी सजाई गई।

दोपहर को सामाजिक सम्मेलन का आयोजन समिति द्वारा किया गया, जिसके श्री कान्ति प्रसाद टाईगर पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान उपप्रधान महासभा दिल्ली मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन हुए। समारोह की अध्यक्षता श्री खेमचन्द जांगिड प्रभारी अलवर द्वारा की गई।

झण्डारोहण श्री कान्ति प्रसाद टाईगर मुख्य अतिथि, श्री खेमचन्द जांगिड प्रभारी अलवर, श्री अभयदास जी महाराज पीठाधीश्वर अंगिरा धाम, सन्त कमला बाई, सुशीला जांगिड महिला प्रदेशाध्यक्ष अ.भा. संयुक्त विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा, श्री सुरेश पिलवाल पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री ओमप्रकाश जांगिड तह. अध्यक्ष आमेर, श्री भागीरथ मल जांगिड सिहोड़ी उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री मोहनलाल

खटवाड़िया अध्यक्ष अंगिरा धाम समिति, श्री सोहन लाल जांगिड जिला महामंत्री अलवर, श्री श्रवण जी हरनेर, श्री शम्भु जी, श्री बाबूलाल जी एवं श्री विष्णु जी (विजेन्द्र) पूर्व अध्यक्ष अंगिरा धाम, श्री रामप्रताप जी द्वारपुर, श्री शंकर लाल बारू पूर्व तह. अध्यक्ष फुलेरा, श्री हनुमान सहाय तह. अध्यक्ष बगरू, श्री सूरजमल जांगिड तह. अध्यक्ष जमवारामगढ़, श्री मातादीन हवलदार पूर्व तह. अध्यक्ष कोटपूतली, श्री धर्मपाल जांगिड तह. अध्यक्ष कोटपूतली, सोहनलाल जी महामंत्री अलवर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों में श्री कमलकान्त, श्री कैलाश खरादी, अशोक हरसोलिया, कैप्टन हेमराज, एडवोकेट निर्मल जांगिड, कैलाश जांगिड, श्री दामोदर प्रसाद जांगिड, श्री लोकेश शर्मा, श्री राम अवतार पिलवाल संरक्षक कारपेन्टर एसोसिएशन जयपुर से, गोपाल पाटोदिया उपाध्यक्ष जिला सभा, श्री लक्ष्मीनारायण सिंगवानिया जयपुर, श्री राधेश्याम जी रेनवाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री किशोर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष अलवर, श्री मिठ्ठन लाल जी तह. अध्यक्ष पावटा, श्री ओमप्रकाश जांगिड अध्यक्ष तह. बेरणी, श्री सुरेश जांगिड युवा शक्ति, श्री कैलाश जी जांगिड अध्यक्ष धर्मशाला अलवर, श्री भगवान् सहाय जी मुख्य चुनाव अधिकारी जयपुर, श्री सीताराम जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा पांच्यावाला, श्री भगवान सहाय जी हिण्डौन सिटी आदि उपस्थित थे। मंचासीन अतिथियों द्वारा महर्षि अंगिरा के चित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलन कर आरती सामूहिक रूप से हुई।

सभी अतिथियों का समिति द्वारा सम्मान किया गया। मंच संचालन श्री सुरेश पिलवाल पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर द्वारा किया गया।

अतिथियों द्वारा अपने विचार मंच के माध्यम से रखे तथा राष्ट्रीय धाम को पर्यटक स्थल बनाना चाहिए और इस पर कार्य करें।

इस अवसर पर महिला कार्यकारिणी अंगिरा धाम को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ श्री खेमचन्द जांगिड प्रभारी अलवर द्वारा दिलाई गई, जिसमें अनुपमा जांगिड अध्यक्ष महिला मोर्चा, शीला जांगिड महामंत्री नियुक्त किया गया। किसी विशेष कारण से उपस्थित नहीं हो पाई सीमा शर्मा (जांगिड) को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कल्पना धीमान को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

समाज बंधुओं का इस अवसर पर आर्थिक सहयोग भी प्राप्त हुआ।

अन्त में श्री मोहन लाल खटवाड़िया समिति अध्यक्ष द्वारा सभी आगन्तुक अतिथियों एवं समाज बंधुओं का आभार प्रकट किया तथा सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया।

## चुनाव सूचना

## जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति राजस्थान जयपुर के चुनाव 25 सितम्बर, 2019 को

जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति राजस्थान जयपुर की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर समिति के चुनाव 25 सितम्बर, 2019 को दहलावास बालाजी, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर में सम्पन्न होंगे। अतः अधिक से अधिक कार्यकारिणी सदस्य व पदाधिकारीगण समय पर पहुँचकर चुनाव कार्यक्रम को सम्पन्न करवाएं। समाज बंधुओं की उपस्थिति भी सादर प्रार्थनीय है। वर्तमान में कार्यकारिणी के श्री रामेश्वर प्रसाद जांगिड (मांगरोल) समिति के अध्यक्ष हैं।

-जगदीश नारायण डूंगरी (महामंत्री)

## नरेन्द्र दादा एलपुरे के 76वें जन्म दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सम्पन्न

22 अगस्त, 2019 को श्री विश्वकर्मा जांगिड विकास सेवा समिति भवन एवं श्री विश्वकर्मा मन्दिर प्रांगण देवी नगर, गली नं. 10, जयपुर में श्री 1008 परमहंस सद्गुरु दादाजी धुनी वाले सामाजिक सार्वजनिक संस्था रवि नगर, नागपुर के प्रणेता "श्री नरेन्द्र दादा एलपुरे" के 76वें जन्म दिवस के पावन अवसर पर जनकल्याण हेतु प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन दादा भक्त परिवार द्वारा किया गया, जिसमें लगभग 330 यूनिट रक्तदान हुआ, जो शांति ब्लड बैंक, दुर्लभ जी मैमोरियल हॉस्पिटल जयपुर एवं एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर द्वारा एकत्रित किया गया।

नरेन्द्र दादा एलपुरे के जन्म दिन पर नागपुर, इन्दौर एवं जयपुर सहित कई शहरों में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर जन्म दिन का केक काटकर भक्तिभाव व श्रद्धा के साथ भक्तों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है तथा सैंकड़ों दादा भक्तों की उपस्थिति में सामूहिक आरती होती है।

जनकल्याणकारी योजना के तहत फ्री मेडिकल चैकअप कैम्प लगाया जाता है, जिसमें मेडिकल विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क जाँच एवं परामर्श का लाभ नागरिकों को मिलता है। नेत्र चिकित्सा एवं परामर्श के लिए अजंता ऑप्टिकल्स एवं पिंक आई प्लस से श्री नवरंग जांगिड, दंत चिकित्सा के लिए प्रतीक्षा डेन्टल क्लिनिक जयपुर से डॉ. राकेश जांगिड, एक्यूप्रेशर एवं नेचुरल थैरेपी जयपुर से डॉ. एम.सी. जांगिड आदि द्वारा निःशुल्क सेवाएं प्रदान की गई, जिनका लाभ दादा भक्त परिवार व सदस्यों व समाज बंधुओं को मिला है।

सभी रक्तदाताओं एवं समाज बंधुओं के लिए नाश्ता-चाय-कॉफी एवं फल इत्यादि की समुचित व्यवस्था थी।

सभी ब्लड बैंक डॉक्टर्स एवं उनकी टीमों के लिए भोजन व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में श्री रामचरण बोहरा सांसद बीजेपी जयपुर, विशिष्ट अतिथियों में श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री घनश्याम जांगिड जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री बृजमोहन जांगिड उपप्रधान महासभा, श्री बाबूलाल सरपंच अध्यक्ष जांगिड विकास समिति सोडाला एवं उपप्रधान महासभा, श्री भागीरथमल जांगिड सिहोड़ी (उपाध्यक्ष प्रदेश सभा), श्री सुरेन्द्र कासलीवाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री दिनेश कड़वाणिया जिला सभा उपाध्यक्ष, श्री विमल चौधरी पूर्व छात्र नेता, श्री मनोज जांगिड अध्यक्ष वार्ड नं. 51 (कांग्रेस), श्री

ललित किशोर आर्टिस्ट जयपुर, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्रीमती बबीता जांगिड, श्री कमल कुमार वास्तुकार, श्री रोहिताश सिंह चौहान उपाध्यक्ष जिला शहर कांग्रेस कमेटी, श्री बजरंग लाल जांगिड जय श्री हार्डवेयर, श्री कैलाश जी, विकास जी (होमेडी), राजेन्द्र चौधरी, विमल चौधरी, प्यारे लाल (बासनी), बिरधी चन्द (मोजी ग्रुप), लोकेश (रामगढ़ मोड़), बजरंग जी निम्बी, राकेश नेहरा, मनोज जी, राजेश जी दादा गुरु, रामेश्वर जी फागलवा, रामचन्द जी रूपेली, नेमीचन्द जी दादी का फाटक, मुकेश जी फागलवा, अरूण जी श्री दादा श्री इंटीरियर, मदन जी भण्डारी, नवरंग जी अजन्ता ऑप्टिकल्स, सोहन जी सुतोद, मनीष जी दादाश्रय प्लाईवुड, रामकरण जी हलवाई, महेन्द्र जी सुतोद, डॉ. अनिल जांगिड, चांदमल जांगिड, गणेश सुथार, केशर देव जांगिड, बजरंग जी रूपेली, जांगिड फाउण्डेशन दिल्ली, परमेश्वर जी भरनावा, मदन जी खेड़ी, मोतीलाल चारण ढाणी, ताराचन्द जी छापर, भागीरथ जी दुजार, सीताराम जी स्वामी, बाबूलाल जी निम्मी, पुखराज जी लाडनू, डालचन्द खारिया, राधेश्याम जांगिड, भंवरलाल देवानी, पवत जांगिड, नवरंग टाडा, मूलचन्द देवानी, पंकज शर्मा, मांगीलाल जी (रूपाली ग्रुप), बलवीर सिंह शेखावत, सुनील कुमार उदया आदि। श्री बजरंग लाल जांगिड (दादा कृपा ग्लास), श्री सोहनलाल जांगिड, श्री नवरंग जांगिड, श्री बजरंग लाल आदि द्वारा माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों ने प्रति वर्ष होने वाले इस परमार्थ के कार्यक्रम के आयोजकों को बहुत-बहुत बधाई दी, जिसमें सैंकड़ों लोगों की खून की वजह से जाने बचती हैं।

मंच संचालन श्री सोहनलाल जांगिड द्वारा किया गया।

## अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा महिला शाखा सभा अजमेर द्वारा सावन उत्सव का आयोजन सम्पन्न

7 अगस्त, 2019 को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जांगिड ब्राह्मण महिला शाखा सभा अजमेर द्वारा जांगिड बैंक नसीराबाद रोड़, अजमेर पर सावन उत्सव का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।

समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती अनिता भदेल (विधायक), अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती पार्वती शर्मा, विशिष्ट अतिथि श्रीमती उत्तरा शर्मा (एईएन), अतिथि श्रीमती मिनाक्षी शर्मा, श्रीमती प्रेमलता शर्मा, श्रीमती रीटा कंवलेचा (ब्यावर), श्रीमती प्रमिला शर्मा (ब्यावर) महिला शाखा अध्यक्ष, श्रीमती सावित्रि शर्मा (सायर), श्रीमती दीपा शर्मा, श्रीमती नीतू शर्मा, श्रीमती सीमा शर्मा थी। महिला शाखा सभा मंत्री श्रीमती पूजा शर्मा द्वारा सभी अतिथियों को आग्रहकर आसन ग्रहण करवाया गया।

इसके पश्चात् सभी अतिथियों व कार्यकारिणी द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी को माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। विश्वकर्मा जी की आरती का गायन श्रीमती सुशीला भगवती प्रसाद द्वारा किया।

पूजा-अर्चना के पश्चात् सभी उपस्थित अतिथियों को माल्यार्पण कर व स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती अनिता भदेल ने अपने उद्बोधन में महिला शाखा सभा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की प्रशंसा की व जांगिड समाज की महिलाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण की पहल की प्रशंसा की। उपस्थित अतिथियों द्वारा भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। पधारी हुई अतिथियों द्वारा महिला शाखा सभा को सहयोग राशि भी भेंट की। श्रीमती सुशीला भगवती प्रसाद, श्रीमती मधु शर्मा, श्रीमती अंजु शर्मा, श्रीमती सीमा शर्मा (भगवती ग्रुप) द्वारा 13700/-, श्रीमती मीनाक्षी शर्मा 2100/-, श्रीमती प्रेमलता शर्मा 1100/-, श्रीमती उत्तरा शर्मा 1100/-, श्रीमती पार्वती शर्मा 2100/-, श्रीमती सावित्रि शर्मा (सायर) 1100/ की राशि भेंट की। कार्यक्रम में महिलाओं व बच्चों के लिए झूले व स्टॉल आदि की भी व्यवस्था की गई तथा विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार भी प्रतिभागियों को वितरित किए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लहरिया प्रतियोगिता का रहा जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रतिभागी को पुरस्कार स्वरूप क्रमशः 1100, 751, 501 रुपए श्रीमती संतोष शर्मा द्वारा वितरित किए गए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोगी श्रीमती सविता शर्मा (भूतपूर्व महिला शाखा अध्यक्ष) व श्रीमती पुष्पा शर्मा (महिला जिला अध्यक्ष) रहीं।

कार्यक्रम का संचालन महिला शाखा सभा मंत्री श्रीमती पूजा शर्मा ने किया।

अन्त में महिला शाखा सभा अध्यक्ष श्रीमती मंजू लदोया द्वारा पधारी हुई अतिथियों, महिलाओं व सहयोग के लिए पूरी कार्यकारिणी को धन्यवाद दिया व अन्य परोक्ष व अपरोक्ष सहयोगियों को भी धन्यवाद दिया।

## अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा हनुमानगढ़ की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

11 अगस्त, 2019 को श्री विश्वकर्मा सामुदायिक भवन (जांगिड धर्मशाला) हनुमानगढ़ जंक्शन में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा हनुमानगढ़ (राज.) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन श्री जगदीश चन्द्र जांगिड (विधायक, सादुल शहर) की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली तथा विशेष अतिथि के रूप में श्री विद्याधर जांगिड (प्रभारी प्रदेश सभा राज.) थे।

विशिष्ट अतिथियों में श्री किशन लाल जी बरड़वा शिक्षा समिति अध्यक्ष हनुमानगढ़, श्री शंकर लाल जांगिड कोषाध्यक्ष महासभा, श्री शिवनारायण थानेदार उपप्रधान महासभा, श्री नन्दलाल खण्डेला संयोजक प्रदेश आप के द्वार, श्री राहुल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राजस्थान, श्री गिरधारी लाल जांगिड जिलाध्यक्ष चुरू, श्री चौथमल जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष सीकर, श्री भागीरथ मल जांगिड सिहोड़ी (जयपुर), श्री सूरजमल डोयल पूर्व उपप्रधान महासभा फलौदी, प्रियंका जांगिड (आरएएस), श्री सत्यनारायण जांगिड तहसीलदार, डॉ. मुकेश जी एलनाबाद, श्री बलवीर युवा विश्वकर्मा एकता फोर्स अध्यक्ष श्री गंगानगर, श्री महेन्द्र जी भदरेचा श्री गंगानगर विश्वकर्मा एकता फोर्स, श्री

आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे जयपुर आदि मंचासीन हुए।

अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। परम्परानुसार सभी अतिथियों का माल्यार्पण, साफा बंधवाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर श्री मांगेराम सुथार (छावड़ा), श्री बेगराम खाती (बेरवाल) महामंत्री, श्री प्रहलाद राम जांगिड (खण्डेलवाल) कोषाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

सर्व प्रथम श्री विद्याधर जांगिड प्रभारी द्वारा हनुमानगढ़ जिले की जानकारी दी गई।

श्री नन्दलाल खण्डेला जी द्वारा महासभा के गठन एवं उसकी प्रदेश सभा, जिला सभा, तहसील सभाओं, शाखा सभाओं के गठन की, महासभा संविधान एवं युवा व महिलाओं को जोड़ने, कितने प्रकार के महासभा के सदस्य, चुनाव प्रणाली तथा कार्यशैली की पूर्णता जानकारी प्रदान की गई। हनुमानगढ़ में नई जिला सभा के गठन पर श्री मांगेराम सुथार एवं उनकी कार्यकारिणी को बधाई एवं जिला सभा को प्रथम आयोजन करने पर धन्यवाद प्रदान किया।

महासभा के सभी सदस्यता ग्रहण करें, संगठन का नीचे से विस्तार करें, सभी जिला सभा, तहसील सभा स्तर पर कार्यालय हों, समाज की सम्पत्तियों की पूर्ण जानकारी, सरकारी योजनाओं के लाभ, सामूहिक सम्मेलनों की गाईड लाईन एवं कुरुतियाँ उन्मूलन पर भी अपने विचार दृढ़ता से रखे।

श्री रामनिवास माण्डण (अध्यापक) द्वारा मंच संचालन किया गया।

श्री किशन लाल जी बरड़वा (शिक्षा समिति) अध्यक्ष द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया तथा उन्होंने कहा हनुमानगढ़ में तीन संगठन रहते हुए भी सभी एक मंच पर सदैव दिखाई देते हैं, यह हमारी यहाँ खासियत है। शिक्षा समिति हनुमानगढ़ द्वारा प्रत्येक वर्ष अंतिम रविवार, सितम्बर मास में प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाता है, जो इस वर्ष 29 सितम्बर को होने जा रहा है, जिसमें 75% एवं 70% से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाता है। गरीब छात्र-छात्राओं की सहायता भी समिति द्वारा की जाती है।

श्री मांगेराम जी सुथार एवं उनकी कार्यकारिणी को राष्ट्रीय प्रधान एवं अतिथियों द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती डिम्पल सुथार पत्नी अशोक कुमार एवं युवा जिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में श्री दीपक कुमार खाती सुपुत्र श्री बेगराज खाती को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर भामाशाओं का भी सम्मान श्री मांगेराम सुथार जिलाध्यक्ष द्वारा किया गया, जिन्होंने अपना अमूल्य योगदान दिया। इसमें श्री ओमप्रकाश कुलरिया तेजाखेड़ा 61000/-रु., श्री श्याम सुन्दर, श्री रविन्द्र कुमार, श्री अनिल कुमार सुपुत्र श्री जेठमल जी द्वारा 1.5 टन का ए.सी. प्रदान किया, श्री शादीराम कालुणिया द्वारा 1,21,500/-रु., श्री मुंशीराम कालुणिया 1,21,500/-रु., श्री प्रहलाद खण्डेलवाल 1,22,300/-रु., श्री हरीराम मायल 1,21,000/-रु., श्री मांगेराम सुथार 71,000/-रु., रूली 51,000/-रु., श्री विजय सिंह बरड़वा, सुशील कुमार द्वारा 5 छत वाले पंखे, श्री ओमप्रकाश सुपुत्र श्री रामूराम रोसावा कोहला द्वारा 11,000/-रु. आदि अनेक लोगों को सम्मान किया गया।

श्री सत्यनारायण जी तहसीलदार द्वारा कहा कि हमें इस संगठन को और मजबूत बनाना है तथा अपना योगदान इसमें देना है। प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन की सराहना की।

प्रियंका जांगिड आरएएस ने कहा कि महिलाओं के सीखने व पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती है। महिलाओं को स्वयं सेवी ग्रुप बनाना चाहिए, अपनी घर की कोई परेशानी हो उसे भी सांझा करना चाहिए तथा समाज के समक्ष लाना चाहिए।

स्वागत गान गाने वाली छात्राएं जो अपने समाज की स्कूल से हैं उनको भी श्री मांगेराम जी एवं श्री प्रधान जी द्वारा सम्मानित किया गया। श्री हेमराज धामू द्वारा कविता के माध्यम से अतिथियों का आभार प्रकट किया।

श्री जगदीश चन्द्र जांगिड एमएलए द्वारा अपने उद्‌बोधन में कहा कि मेरा सम्मान हनुमानगढ़ में सन् 2014 में किया गया था मैं श्री मांगेराम सुथार एवं उनकी टीम को बधाई देता हूँ। एक घण्टे विलम्ब से पहुँचने पर खेद प्रकट किया। हनुमानगढ़ में सामाजिक समरता तथा आपस में सहयोग की भावना है तथा अच्छा कार्य कर रहे हैं। हमारे समाज में नेतृत्व की अभी कमी है कई बार यह देखने को मिलता है। हम यदि पूरी तरह से सक्रीय व सहयोग समाज को देंगे तभी जाकर इसके परिणाम आएंगे। 2013 में मैं कुछ ही वोटों से हारा लेकिन 2018 में आप लोगों के सहयोग से जीता और विधान सभा पहुँचने का अवसर प्राप्त हुआ। मैं स्वयं इस बात का वादा करता हूँ कि भविष्य में कम समय में ऐसा कुछ करना जिससे याद किया जाए। मुझे पहली बार अवसर मिला है। हम कश्मीर से कन्याकुमारी, नोर्थ से ईस्ट तक बदलाव लाने के लिए प्रयास करेंगे। हमें वोट की वेल्यू को सुझकर वसूल करने का समय आ गया है। समाज को धरातल में दिखाने का समय आ गया है। पहले सिस्टम को समझना है उस पर गहन चिंतन करना है कि हम आने वाली पीढ़ी को क्या देकर जा रहे हैं।

मैं जब सुप्रीम कोर्ट का वकील था तब एक आदेश से पेड़ नहीं काटने पर 50 लाख बेरोजगार हो गए। आरा मशीने बंद हो गईं, लेकिन आपका व्यक्ति, लोक सभा, राज्य सभा या विधान सभा में नहीं है। यदि वो फैसला अगर रिव्यू होता, कोई व्यक्ति समाज का होता तो ऐसा नहीं होता।

कांग्रेस ने मुझे टिकिट दिया, बी.जे.पी. ने दो टिकिट दे दिए। राजस्थान में वातावरण बनाया तब टिकिट मिला। इसलिए कभी-कभी राजनैतिक सम्मेलन भी करना चाहिए। वोट की कीमत वसूल करो। डेमोक्रेसी में अगर दौड़ में पीछे रह गए तो कुछ नहीं कर सकते। हमें आवाज़ बुलंद करनी चाहिए तभी लोकसभा व विधान सभा में आपकी बात सुनी जाएगी। ले देकर एक जांगिड विधानसभा में है, मुझे पांच साल का हिसाब देना है। अत: प्रधान जी से अनुरोध है कि वो पूरे हिन्दुस्तान में जाकर इस पर विचार-विमर्श कर सभी को जागरूक करें। अशोक

गहलोत जी नहीं बल्कि उनके सलाहकार सचिव, श्री अजिताभ शर्मा जी, डॉ. समित शर्मा, श्री पुखराज पारासर (ओएसडी) सरकार चला रहे हैं। आप सभी जिलों से भूमि आवंटन के लिए प्रस्ताव लें, हमारा हर जिले में भवन होना चाहिए। मैं माननीय मुख्यमंत्री जी से बात करूंगा। हमारे प्रधान जी सक्षम हैं वे आगे बात करें।

श्री रविशंकर शर्मा द्वारा अपने उद्‌बोधन में श्री मांगेराम सुथार एवं उनकी नवगठित कार्यकारिणी को इस सुन्दर आयोजन के लिए बधाई देता हूँ। जैसा कि श्री नन्दलाल खण्डेला जी ने आपको महासभा के संगठन पर विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान कर दी है। महासभा आप और हम ही तो हैं। वर्तमान में 14 प्रदेशों में महासभा संगठन संचालित है और तीन राज्य शीघ्र ही इसमें विस्तार हेतु हम जोड़ने जा रहे हैं। महासभा की ओर से विद्यार्थियों को अभी छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं, दुर्घटना में, शिक्षा पर लोन आदि महासभा द्वारा प्रदान किया गया है। तीन विद्यार्थियों को हमने लोन (एज्यूकेशन) इस शर्त पर दिया कि नौकरी लगने पर वह हमें लोन वापस कर देगा। एक विद्यार्थी ने तो लोन वापस भी कर दिया। मृत्युभोज जैसी कुरुतियों पर राजस्थान महाराष्ट्र आदि में रोक लगी है। सामूहिक सम्मेलनों पर हमने जोर दिया। हमने पहले अपने परिवार से सामूहिक विवाह सम्मेलन में शादी कर इसकी शुरूआत की है। सामूहिक सम्मेलन में जो बचत होती है वो समाज हित में काम आवे। हमारे सभी अधिकारीगण ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निवर्हन कर रहे हैं। श्री जगदीश चन्द्र जांगिड समाज के एक मात्र एमएलए हैं। महासभा द्वारा 20 अक्टूबर, 2019 को मुण्डका (दिल्ली) में महासभा भवन की नींव का मुहूर्त का कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें आप सभी अधिक से अधिक संख्या में पधारकर सफल बनाएं तथा सभी इस भवन में इच्छानुसार अपना योगदान देकर पुण्य के भागी बने। 7 करोड़ की लागत अनुमानत: इस पर खर्च होगी। 6 करोड़ में हमने भवन की लिए जमीन ली है। अत: अधिक से अधिक बचत कर सभी समाज बंधु इस भवन में अपना योगदान दें।

पुन: नवगठित कार्यकारिणी को बधाई।

जांगिड सुथार समाज समिति के भवन में प्रथम मंजिल पर पाँच नवनिर्मित कमरों का माननीय जगदीश चन्द्र जी विधायक सादुलशहर एवं श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) एवं अतिथियों द्वारा लोकार्पण किया गया।

नवगठित कार्यकारिणी में : **अध्यक्ष** श्री मांगेराम सुथार, **वरिष्ठ उपाध्यक्ष** श्री शादीराम कुलरिया, **उपाध्यक्ष** श्री बाबूलाल बेन्स, **महामंत्री** श्री बेगराम खाती, **कोषाध्यक्ष** श्री प्रहलाद राम जांगिड, मंत्री श्री परनामा राम मायल, **संगठन मंत्री** श्री सतपाल जांगिड, श्री चम्पालाल भादरा, **प्रचार मंत्री** श्री रामनिवास माण्डण, **कार्यकारिणी सदस्य** श्री कालूराम मायल, श्री धनराज धामु, श्री सांवरमल धामु, श्री राधेराम छड़िया, श्री जयप्रकाश माकड़, श्री गोपीराम नागल, श्री मनीष कुमार जायलवाल, श्री विजयसिंह बरड़वा, श्री रामेश्वर लाल उत्तम, श्री रामजीलाल मोटयार, श्री राजाराम बरड़वा, श्री जगराम नागल, श्री कृष्ण कुमार जांगिड, श्री जयचन्द सीदड़, श्री अनिल कुमार माकड़, श्री डिम्पल सुथार महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष, श्री दीपक कुमार खाती युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष आदि।

इस अवसर पर प्रबुद्ध समाज बंधुओं में श्री मनीराम जी मोटयार, श्री सुभाष जांगिड युवा जिलाध्यक्ष, श्री महेन्द्र बरड़वा, श्री बलवीर चुइल, श्री नरेन्द्र जी सीकर, श्री त्रिलोक जी माण्डण आर्टिस्ट, श्री भंवरलाल जी जाला श्री गंगानगर अध्यक्ष विश्वकर्मा सेवा समिति, श्री मनोज आर्य नोहर, श्री मनीराम जी तारा नगर, श्री अशोक माण्डण, राजेन्द्र मीषण सहित सैंकड़ों समाज बंधुओं की उपस्थिति रही।

अंत में जिलाध्यक्ष श्री मांगेराम सुथार द्वारा सभी आगन्तुक अतिथियों एवं समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया तथा सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया।

**श्री विश्वकर्मा सेवा समिति, खण्डेला (सीकर) द्वारा जांगिड छात्रावास भवन का भव्य लोकार्पण समारोह सम्पन्न**

19 अगस्त, 2019 को श्री विश्वकर्मा सेवा समिति, खण्डेला, सीकर द्वारा खण्डेला में जांगिड छात्रावास भवन का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें श्री जगदीश चन्द्र जांगिड विधायक सादुलशहर का मुख्य आतिथ्य रहा तथा अध्यक्षता श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान द्वारा की गई। अति सम्मानीय अतिथियों में श्रीमती मनोहरी देवी एवं श्री बजरंग लाल जांगिड फतेहपुरा (हाल निवासी इन्दौर) जिन्होंने छात्रावास की भूमि दान की है, श्री नाथूलाल जांगिड गंगाला (बाड़मेर) युवा प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री रामेश्वर जी नागवा भामाशाह एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सीकर, श्री चौथमल जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष सीकर, श्री चिरंजीलाल जी अध्यक्ष जांगिड छात्रावास सीकर, श्री रामरतन जांगिड रामपुरा डाबड़ी उद्योगपति एवं उपप्रधान महासभा, डॉ. अशोक जांगिड पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री अजय कुमार जांगिड दुबई, श्री राज कुमार जी नारनौल, श्री राजेश जी, श्री रतनलाल जी अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा सेवा समिति खण्डेला, श्री रामपाल जी तहसील अध्यक्ष खण्डेला, महंत श्री राजाराम मोहनराय जगन्नाथपुरी आदि मंचासीन हुए।

मुख्य अतिथि श्री जगदीश चन्द्र जांगिड एवं प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा एवं श्री बजरंगलाल जांगिड एवं श्रीमती मनोहरी देवी एवं अतिथियों के करकमलों द्वारा सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना की तत्पश्चात् नवनिर्मित जांगिड छात्रावास भवन का लोकार्पण मुख्य पट्टिका का अनावरण कर मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा किया गया। उसके बाद सभी भामाशाओं द्वारा नवनिर्मित कमरों का (जो सपत्निक वहाँ उपस्थित थे) अतिथियों द्वारा फीता काटकर कमरों का विधिवत् उद्‌घाटन किया।

सभी अतिथिगण पुन: मंचासीन हुए और सीकर की हृदयस्थली देवभूमि खण्डेला की पावन धरा पर अतिथियों का एवं भामाशाओं का माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर, साफा बंधवाकर, मोतियों की माला पहनाकर समिति के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित कर अतिथि देवो भव: की राजस्थानी परम्परा का निर्वहन किया।

संरक्षक श्री नन्दलाल खण्डेला, श्री रतनलाल चोयल अध्यक्ष, श्री सांवरमल गोठड़ीवाल सचिव तथा सोहन लाल तेराणिया कोषाध्यक्ष आदि द्वारा।

गत वर्ष 5 अगस्त, 2018 को इस छात्रावास का शिलान्यास किया गया था जो एक वर्ष में 10 कमरों का निर्माण कर तैयार हुआ और आज लोकार्पण भी हो गया।

भामाशाह बंशीधर जी चोयल दूधवालों का बास, श्री चिरंजीलाल चोयल पदमपुरा, श्री भागीरथमल जी पंवार गोविन्दपुरा, श्री नेमीचन्द जी जांगिड उद्योगपति गांधीधाम गुजरात, श्रीमती मूली देवी गोठड़ीवाल बरसिंहपुरा, श्री सत्यनारायण जी सांवरमल जी, महेन्द्र जी गोठड़ीवाल बरसिंहपुरा, समस्त जांगिड समाज चोयल उदयपुरा, श्री नन्दलाल जी खण्डेला चारण का बास आदि द्वारा कमरों मय बरामदा का निर्माण करवाया गया।

मंच संचालन श्री कृष्ण कुमार जांगिड बेरी, श्री उपेन्द्र जी जांगिड एवं श्री ओमप्रकाश जी दीणवा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्री नाथूराम जांगिड गंगाला को श्री जगदीश चन्द जी विधायक द्वारा युवा प्रदेशाध्यक्ष राज. के अध्यक्ष के लिए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। नाथूराम जी श्री जोगाराम जी जांगिड (आईएएस) के भ्राता हैं।

श्री बंशीधर जांगिड, श्री सोहनलाल जांगिड, श्री सांवरमल जी जांगिड एवं श्री जोधराज जांगिड जी को मुख्य अतिथि एवं प्रदेशाध्यक्ष राज. के करकमलों द्वारा अभिनन्दन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

सर्वप्रथम समिति संरक्षक श्री नन्दलाल जी खण्डेला ने श्रीमती मनोहरी देवी एवं उनके पति श्री बजरंग लाल जांगिड फतेहपुरा वालों का हृदय से आभार प्रकट किया। जिन्होंने इस भवन के लिए भूमि दान कर उपलब्ध करवाई, जिसका समाज सदैव ऋणी रहेगा और जिसकी वजह से आज हम यहाँ समारोह आयोजित कर पाए। साथ ही सभी अतिथियों का भी आभार जताया जिन्होंने अपना अमूल्य समय निकालकर इस कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगाए। गत वर्ष 5 अगस्त, 2018 को इस भवन की भूमि का शिलान्यास करवाया गया और एक वर्ष में समाज के भामाशाओं एवं दानदाताओं की वजह से हम इस भवन को लोकार्पण करने के लिए तैयार कर सके। दूर-दराज से पहुँचे महिलाओं एवं समाज बंधुओं का भी आपने आभार प्रकट किया तथा इस समिति की कार्यकारिणी की भी प्रशंसा की जिनकी कड़ी मेहनत से आज हम इस मुकाम पर पहुँचे। श्रीमती गुलाब देवी पत्नी फूलचन्द जी कटूंदरा का भी धन्यवाद दिया जिन्होंने भवन की चार दिवारी में ट्यूबवेल मय मोटर के उपलब्ध करवाया। श्री कैलाश चन्द गोकुल का बास द्वारा पानी की टंकी, श्री दिलीप जी जांगिड द्वारा छत के पंखे उपलब्ध करवाए, श्री नेमीचन्द उद्योगपति एवं भामाशाह ने भी सर्व प्रथम पहलकर एक कमरा मय बरामदा के निर्माण के लिए घोषणा की जिसके बाद तो ये कमरे आपके समक्ष निर्मित हुए हैं।

श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' जी ने एक महात्मा और नगरसेठ की एक लघु कथा का चित्रण किया, जिसका सारांश था कि अगर हम अच्छा कार्य करते हैं तो आगे हमें उनका फल मिलता है। मनुष्य प्रारब्ध लेकर आता है और प्रारब्ध ही लेकर जाता है। खण्डेला से दो ही नाम याद किए जाते हैं एक तो महादेव खण्डेला और दूसरा नन्दलाल खण्डेला।

श्री गोपीराम जी यालसर को सम्मानित किया गया, उनको अभी हाल ही में शिक्षा मंत्री जी ने भी सम्मानित किया था। डॉ. फूलचन्द जांगिड जी को मुख्य अतिथि द्वारा उनके द्वारा जानवरों का निःशुल्क ईलाज करने के लिए सम्मानित किया गया।

श्री बी.सी. शर्मा जी ने श्री नन्दलाल जी खण्डेला जी द्वारा एक वर्ष की अवधि में छात्रावास भवन के निर्माण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा इसके लिए सभी भामाशाओं का आभार जताया, जिन्होंने ऐसे नेक कार्य के लिए अपना अमूल्य योगदान दिया।

श्री चिरंजीलाल जांगिड अध्यक्ष जांगिड छात्रावास सीकर का भी सम्मान श्री जगदीश चन्द्र जी विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा जी द्वारा किया गया। कुछ महिने पहले आपने बालिका छात्रावास की भूमि पर शिलान्यास करवाया एवं जांगिड छात्रावास सीकर में वर्तमान में लगभग 200 छात्र नियमित अध्ययन कर रहे हैं। इस अवसर पर श्री नरेन्द्र जांगिड जोकि छात्रावास की पूर्ण व्यवस्था देख रहे हैं उनका भी सम्मान किया गया। उन्होंने कहा शिक्षा ही समाज की उन्नति का आधार है हमें इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसलिए समाज व भामाशाह आगे आए और अधिक से अधिक छात्रावासों के लिए सहयोग करें।

श्री नाथूराम जांगिड द्वारा अपने उद्बोधन में शिक्षा को ही समाज में सर्वोपरि बताते हुए कहा हमें इस क्षेत्र में एक साथ जुटकर कार्य करना है। हमने भी इस क्षेत्र में एक अलख जगा रखी है। 1200 परिवार हैं और 1200/-रु. प्रत्येक परिवार से लेते हैं और इस प्रकार छात्रों को छात्रवृत्ति एवं सहायतार्थ देकर शिक्षा में आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। यदि मेरे लिए ऐसे कार्यों में किसी भी प्रकार की मदद की आवश्यकता हो तो निःसंदेह ही मुझे अवगत करा सकते हैं। हम वहाँ कम से कम बिजली पानी का ही पैसा छात्रों से लेते हैं। हॉस्टल बनाना ही कार्य नहीं है हमें इनकी पूर्णतया मॉनिटरिंग भी करनी होती है। इस छात्रावास में भी शीघ्र छात्रों को प्रवेश दे।

श्री जगदीश चन्द्र जांगिड जी ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम आयोजकों को धन्यवाद प्रदान करते हुए कहा कि आज जो यह कार्य हुआ है वह बहुत बड़ा कार्य है। ऐसे कार्यों से बड़ा कोई कार्य नहीं है। महिलाएं समाज को नई दिशा प्रदान करती है आप लोग अपने-अपने घर जाकर कहना और समाज को भरपूर सहयोग प्रदान करावें। आने वाले समय में नई पीढ़ियां इसे याद रखेगी यह एक बहुत बड़ा महान व पवित्र कार्य आज हुआ है।

आज से पहले सुप्रीम कोर्ट व विधान सभा में हमारा कोई प्रतिनिधित्व नहीं था। एक सुप्रीम कोर्ट का फैसला (आरा मशीन बंद करने) आया और हमारे समाज के लगभग लाखों लोग बेरोजगार हो गए, क्योंकि फैसले के खिलाफ हमारे पास कोई रिव्यू करवाने वाला

व्यक्ति ना तो सुप्रीम कोर्ट में था और ना ही विधान सभा में जो अपनी आवाज़ उठा सके। उसी से मैंने फैसला लिया कि मुझे राजनीति में आना चाहिए और लगातार निष्ठा व लगन से मेहनत कर अपनी जगह बनाई। सन् 2013 में मैं कुछ ही अंतर से हारा, लेकिन 2018 में कामयाब हुआ और समाज का प्रतिनिधित्व विधान सभा में करने आया। इसमें समाज बंधुओं का भी बहुत सहयोग रहा है।

आज दुनिया में ग्लोब्लाईजेशन इतनी तेजी से हो रहा है हमें भी आगे की सोच रखनी पड़ेगी। आज शिक्षा का विशेष महत्व है और हमें इस वास्तविकता को पहचानना है। आज राजस्थान सरकार में डॉ. समित शर्मा (आईएएस), श्री अजिताभ शर्मा (आईएएस) सचिव मुख्यमंत्री, श्री पुखराज पराशर (ओएसडी) मुख्यमंत्री है और जिनकी वजह से सरकार चल रही है यह केवल शिक्षा के कारण ही संभव हुआ है। हमें समाज में तन, मन व धन से सहयोग करना है। आज आपने मुझे विधान सभा भेजा यह क्रेडिट जांगिड समाज को ही जाता है। पर हमें शिक्षा के साथ-साथ राजनीति में भी पहल करनी होगी। हमें विश्वकर्मा जयंति पर अवकाश, टेक्नीकल विश्वविद्यालय हमारे आराध्य देव के नाम से करवाना है। मैंने सी.एम. राजस्थान से बात की उन्होंने इसे स्वीकारा भी है। कांग्रेस पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो हमको अभी आगे रखती है। मुझे टिकट मिला तो बी.जे.पी. ने भी दो टिकट दिए।

अब वक्त मन्दिर, धर्मशाला बनाने का नहीं है, बनाना है तो शिक्षा के मन्दिर बनाओ। प्रत्येक जिले में हमारा छात्रावास हो। आजकल एक दो वर्ष बाद ही रिश्तों में कड़वाहट आकर शादियां टूट रही हैं। मैं प्रदेशाध्यक्ष जी से अपील करता हूँ आप इस पर शीघ्र ही विषय पर कोई संस्था गठित कर इसकी रोकथाम के उपाय समाज हित में करें।

श्री लखन शर्मा जी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि सर्वप्रथम तो इस भवन के लिए भूमिदान करने वाली दम्पत्ति को धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने समाज हित में अपना ऐतिहासिक फैसला लिया और समिति को एक वर्ष भी भवन निर्माण करवाने पर बधाई देता हूँ। हमारी महासभा को 112 वर्ष हो गए हैं। हमें समय के साथ चलना है यदि नहीं तो हम बहुत पीछे रह जाएंगे। हमें इस बात पर मंथन करना है कि हमारा समाज आगे कैसे बढ़े। शिक्षा हो, व्यापार हो या कोई और हमें यह पूर्व में ही तय करना चाहिए कि हमें क्या करना है। कोई भी आपके पास वोट मांगने आता है तो उसे पूछें तुम्हें वोट क्यों दें इसके एवज में हमें क्या मिलेगा। हमें अपनी वोट की कीमत हर हाल में वसूलनी है।

आज देखने में आ रहा है हम हमारे संस्कारों से विहीन होते जा रहे हैं। माताओं-बहिनों से निवेदन है कि वो अपने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार युक्त बनावें। आज हम बिना संगठन के परिवार का विकास नहीं कर सकते हैं।

प्रदेश सभा राजस्थान ने परिवार में आपसी झगड़े व मन-मुटाव आदि एवं कानूनी सलाह सुलझाने के लिए विधि प्रकोष्ठ का राज्य स्तर पर गठन किया है जो जिलों तक ईकाईयां बना रहे हैं। आपने सामाजिक सम्पत्तियों के लिए सबसे पहले उसका टाईटल देखें वो किसके नाम से है। समाज के हित में होना चाहिए। हमें सम्मान समारोह का आयोजन जिला व तहसील लेवल पर करना चाहिए तथा कम प्रतिशत वालों को भी उसमें बुलाना चाहिए तथा उनके विचार जानना चाहिए कि वो किस स्ट्रीम में जाने के इच्छुक हैं उसी स्ट्रीम के समाज बंधु आईएएस, आरएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर्स की सलाह लेकर अपना स्ट्रीम चुने।

इस अवसर पर समारोह में उपस्थित समाज के प्रबुद्धगणों में श्री बसंत जी अध्यक्ष विश्वकर्मा मन्दिर श्री माधोपुर, श्री राजेन्द्र जी तह. अध्यक्ष श्री माधोपुर, श्री रामकरण जी राजोतिया उपाध्यक्ष मन्दिर श्री माधोपुर, श्री सांवरमल जी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष गोवा, श्री बाबूलाल जांगिड उपप्रधान महासभा, श्री महेन्द्र जी खुडाणिया कार्यालय प्रभारी प्रदेश सभा, श्री सुवालाल पंवार संरक्षक प्रदेश सभा, श्री घीसालाल सिरोठिया उपाध्यक्ष, श्री रामस्वरूप जी हरसोलिया कोषाध्यक्ष ढेहर का बालाजी, श्री रामनिवास जी गोविन्दपुरा चुनाव अधिकारी प्रदेश सभा, श्री प्रेम जी जयपुर, श्री शंकर लाल जी जयपुर, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री कुन्दनलाल जी दूधवालों का आस, श्री कन्हैयालाल धामा देहदानी (जयपुर), श्री भागीरथ सिहोड़ी प्रदेश सभा, श्री नवरंगलाल जी, श्री फूलाराम जी सीकर, श्री प्रहलाद राम जांगिड तहसील अध्यक्ष नावां, श्री ताराचन्द भादरिया अध्यक्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन चौमूं, श्री गिरधारी लाल भादरिया पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चौमूं, श्री दामोदर प्रसाद पंवार पूर्व तहसील अध्यक्ष शाहपुरा, श्री कजोड़मल जांगिड चीथवाड़ी, श्री कैलाश जी आलीसर मंत्री प्रदेश सभा, श्री मुंशीलाल जांगिड उपप्रधान, श्री कन्हैयालाल चिचावा आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति सहित सैंकड़ों की संख्या में समाज बंधुओं ने उपस्थिति दी।

## अ.भा.जां.ब्रा. महासभा शाखा सभा जोबनेर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं सामूहिक गोठ सम्पन्न

दिनांक 1 अगस्त, 2019 को प्रात: 11.15 बजे से श्री विश्वकर्मा मन्दिर जोबनेर में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा शाखा सभा जोबनेर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। इस समारोह के मुख्यअतिथि श्री घनश्याम जी पंवार जिलाध्यक्ष जिला सभा जयपुर, अध्यक्षता श्री नन्दकिशोर जी हरसोलिया अध्यक्ष जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला भंदेबालाजी ने की, विशिष्ठ अतिथि श्री भगवान सहाय कड़वाणिया, कोषाध्यक्ष श्री भगवान सहाय जांगिड, मुख्य चुनाव अधिकारी श्री हनुमान सहाय कडवाणिया, संगठन मंत्री श्री गोपाल लाल गोगोरिया जिला सभा जयपुर, श्री चतुर्भुज गोगोरिया, श्री मन्नालाल चरख्या पूर्व अध्यक्ष शाखा सभा जोबनेर, श्री पुरुषोत्तम सीलक अध्यक्ष जांगिड ब्राह्मण विकास समिति रेनवाल एवं श्री प्रेम प्रकाश जाला महामंत्री तहसील सभा फुलेरा रहे।

सर्वप्रथम श्री विश्वकर्मा भगवान की आरती के बाद श्री नाथूलाल कारपेनटर अध्यक्ष शाखा सभा जोबनेर ने उपस्थित सभी समाज महानुभावों का अभिनन्दन कर भव्य स्वागत कर नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा की। सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का श्रीमान् जिलाध्यक्ष श्री घनश्याम जी पंवार द्वारा पद एवं गोपनियता की शपथ दिलवाई गई।

उपस्थित सभी महानुभावों ने तालियों के साथ स्वागत किया।

तत्पश्चात् आगे की कार्यवाही करते हुए महामंत्री श्री शेषनारायण हरसोलिया ने प्रस्ताव रखा कि श्री विश्वकर्मा मंदिर जोबनेर की दो दुकाने व एक कमरे पर श्री जांगिड ब्राह्मण समाज विकास समिति, जोबनेर ने अनाधिकृत कब्जा कर रखा है यह सम्पत्ति श्री विश्वकर्मा मन्दिर की, समाज की व महासभा की है और यह सम्पत्ति शाखा सभा जोबनेर के अधीन रहनी चाहिए। श्री ताराचन्द गोगोरिया धनाका बास, श्री जगदीश प्रसाद बोदल्या, श्री भंवरलाल धामा, ढिण्ठा, श्री हनुमान प्रसाद पंवार बोबास जो जांगिड ब्राह्मण समाज विकास समिति जोबनेर की कार्यकारिणी में पदाधिकारी भी हैं एवं श्री छीतरमल जी बरवाड़िया आसलपुर अपने उद्बोधन में कहा कि यह सम्पत्ति शाखा सभा जोबनेर के ही अधीन रहती हुई आई है और रहनी चाहिए। श्री जांगिड ब्राह्मण समाज विकास समिति जोबनेर तुरन्त प्रभाव से खाली करनी चाहिए। दूसरा प्रस्ताव रखा कि जब भी शाखा सभा जोबनेर के चुनाव होते हैं तो यहाँ इस क्षेत्र में परिसीमन की ज्यादा चर्चा रहती है श्रीमान् जिलाध्यक्ष जी ही इसका निर्णय करे।

श्रीमान् जिलाध्यक्ष जिला सभा जयपुर ने उपस्थित सभी महानुभावों का स्वागत करते हुए स्पष्ट कहा कि जो श्री विश्वकर्मा मन्दिर की दो दुकाने व एक कमरे पर श्री जांगिड ब्राह्मण समाज विकास समिति जोबनेर ने अनाधिकृत अपने कब्जे में ले रखी है जो गलत है यह सम्पत्ति जांगिड समाज की व महासभा की है, तुरन्त प्रभाव से श्री जांगिड ब्राह्मण समाज विकास समिति जोबनेर खाली करें और कहा कि जिला सभा, प्रदेश सभा व महासभा इसे खाली करवाने में साथ है और जो परिसीमन की बात है यह संस्था करीब 40-45 वर्ष पूर्व से ही महासभा से जुड़ी हुई है, इसका क्षेत्र केवल तहसील स्तर पर नहीं है इस शाखा सभा का क्षेत्र जिला जयपुर तक है और इस संस्था द्वारा बनाए गए सभी सदस्य अपना मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं। उपस्थित सभी महानुभावों ने तालियों के साथ खुशी जाहिर कर तालियों के साथ स्वागत किया। भविष्य के लिए इस प्रश्न पर विराम लग गया।

इस समारोह में श्री गोपाल लाल पेड़वाल पूर्व अध्यक्ष जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला भंदेबालाजी, श्री छगनलाल बून्दवाल पूर्व अध्यक्ष जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला भंदेबालाजी, श्री मोहनलाल लावंडीवाल जोबनेर, श्री मदनलाल राजोतिया, श्री मोहनलाल बूंदवाल, श्री प्रेम प्रकाश कोतकथलिया जयपुर, श्री रामलाल आसल्या भगवतपुरा, श्री छीतरमल खोवाल अगरपुरा, श्री युगल किशोर गोठवाल मानपुरा, श्री मोहनलाल, श्री सीताराम हर्षवाल जगमालपुरा, श्री गोपाल लाल हरसोलिया त्योद, श्री सीताराम दहमण जोबनेर, श्री सीताराम चरख्या प्रतापपुरा, श्री शिव प्रसाद जांगिड फुलेरा आदि सैंकड़ों समाज महानुभाव इस समारोह में उपस्थित रहे।

अन्त में श्री नाथूलाल कारपेन्टर अध्यक्ष शाखा सभा जोबनेर व आज की अध्यक्षता कर रहे श्री नन्द किशोर जी हरसोलिया ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा सामूहिक गोठ में भोजन हेतु आमंत्रित किया।

मंच संचालन श्री गोपाल लाल जी पेड़वाल व श्री शेषनारायण हरसोलिया ने किया।

**पंचशील नगर में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ ध्वजारोहण**

73वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे भारत में शान से तिरंगा लहराया गया। इस राष्ट्र पर्व के अवसर पर राजधानी के पंचशील नगर में भी शिल्पाचार्य विश्वकर्मा जनसेवा समिति के अध्यक्ष माया विश्वकर्मा के संयोजन में पंचशील नगर निवासियों के साथ ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर पार्षद अमित शर्मा ने कहा कि आज हम जो आज़ादी का जश्न मना रहे हैं। यह हमारे राष्ट्र के वीर सपूतों द्वारा अपने प्राणों को बलिदान दिए जाने का परिणाम है। अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा विश्वकर्मा एकीकरण अभियान के केन्द्रीय संचालक एवं मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ राज्य प्रभारी वरिष्ठ समाजसेवी वी.के. विश्वकर्मा 'पांचाल रत्न' ने कहा कि आज हम स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वीर शहीदों को श्रद्धांजली देते हैं और उनकी शहादत को नमन करते हैं।

कार्यक्रम आयोजक माया विश्वकर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। वर्षा होने के बावजूद भी आप सभी ने उपस्थित होकर राष्ट्रीय पर्व को बहुत धूमधाम से मनाया। इसके लिए आप सभी को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त करती हूँ। इस मौके पर समिति की ओर से मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर गायत्री पांडेय, सरोज माहुले, वसीम भाई, महेन्द्र विश्वकर्मा, अमित लोदवाल, अंकित पांडे, गुड्डू बैरवा, सुनीता पांडे, भारती मतलाने, कांता बैरवा, नीलेश विश्वकर्मा, मयूर विश्वकर्मा, केतु बाई, मीना बाई, गुल्लू विश्वकर्मा, सोनू माहुले, गीता बाई, पूनम आदि सहित शहरवासियों ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया।

-**उमाशंकर विश्वकर्मा** (कार्यालय मंत्री)

**तह. सभा चिड़ावा (झुंझुनुं) की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

8 सितम्बर, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा चिड़ावा (झुंझुनुं) राज. की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष झुंझुनं श्री मनरूप जांगिड, विशिष्ठ अतिथि उपप्रधान श्री शिव कुमार जांगिड, श्री श्याम जांगिड लेखक एवं कवि, श्री डी.एन. जांगिड मुख्य अभियन्ता (आरएसईबी), श्री छोटूराम सरपंच रसूलपुर एवं कई तहसील अध्यक्ष तथा समाज के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

कार्यकारिणी में श्री दयानन्द जी (चीफ एवीवीएनएल), श्री महेन्द्र धनेरवा, श्री श्याम जांगिड लेखक एवं कवि, श्री राम जी बुढ़ानिया, श्री सूरजाराम जी संरक्षक हैं।

51 सदस्य एवं पदाधिकारियों की कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

समारोह में श्री मनरूप जांगिड द्वारा अपने उद्‌बोधन में समाज को नई दिशा एवं विकास हेतु महासभा संगठन को मजबूत बनाने, अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर बल दिया। समारोह में राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुनील सीदड़, श्री सुनील जी धनेरवा, श्री मोहन लाल जी चोयल, श्री कन्हैयालाल जी गुलजारी जी, श्री राजेश राजोतिया ब्लॉक अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

**जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला समिति अलवर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

8 सितम्बर, 2019 को "चित्रगुप्त छात्रावास" बस स्टेण्ड, अलवर के प्रांगण में जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला समिति अलवर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि श्री कैलाश चन्द जांगिड प्रधान विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट दिल्ली थे। अध्यक्षता श्री मदनलाल जांगिड जिलाध्यक्ष अलवर द्वारा की गई।

अतिथियों में श्री खेमचन्द जांगिड प्रभारी जिला अलवर, उपप्रधान अनुपमा शर्मा महिला जिलाध्यक्ष अंगारी धाम, श्री राकेश शर्मा, श्री विजेन्द्र जी (विष्णु जी) जी पूर्व अध्यक्ष अंगारी धाम समिति, श्री गंगादीन शर्मा प्रधान पहाड़गंज मन्दिर दिल्ली, श्री उमेश शर्मा विश्वकर्मा लेमिनेट्स अलवर, श्री किशोर शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष अलवर, श्री गिरिराज प्रसाद जी (इनकम टैक्स), श्री हनुमान प्रसाद जी एवं मनोहर लाल जी प्रदेश उपाध्यक्ष, मूलचन्द जी उपाध्यक्ष महासभा आदि उपस्थित थे।

श्री कैलाश चन्द जांगिड अध्यक्ष विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट द्वारा नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई, जिसमें श्री कैलाश चन्द जांगिड (कटोरी वाला) अध्यक्ष, श्री सुरेश चन्द जांगिड उपाध्यक्ष, श्री बाबूलाल जांगिड मंत्री, श्री रघुवीर प्रसाद जांगिड कोषाध्यक्ष, श्री महेश चन्द जांगिड उपमंत्री तथा सदस्यगणों में श्री हरिश कुमार शर्मा, देवकीनन्दन जांगिड, रामौतार जांगिड, ताराचन्द जांगिड, दौलतराम जांगिड, कैलाश चन्द जांगिड आदि ने शपथ ली।

अतिथियों द्वारा उद्‌बोधन हुआ तथा अन्त में अध्यक्ष कैलाश चन्द जांगिड (कटोरी वाला) द्वारा सभी अतिथियों एवं समाज बंधुओं का आभार प्रकट किया तथा सभी को सहभोज पर आमंत्रित किया।

**तह. सभा वैर जिला भरतपुर द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न**

8 सितम्बर, 2019 को तह. सभा वैर जिला भरतपुर (राज.) के तत्वावधान में जांगिड ब्राह्मण समाज जिला भरतपुर, दौसा एवं करौली के मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह 2019 शुभम् धाकड़ मैरिज होम, हलैना रोड, वैर (भरतपुर) में आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्री भजनलाल जी जाटव गृहराज्य मंत्री राजस्थान सरकार, श्री जगदीश चन्द्र जांगिड विधायक सादुलशहर, श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री भगवानराम फौजी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री नन्दलाल जी खण्डेला संयोजक प्रदेश सभा आपके द्वार, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री राजकुमार जांगिड नारनौल, श्री धर्मवीर जांगिड श्री विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति, श्री सतीश शर्मा उपप्रधान महासभा, श्री रमेश ठेकेदार दिल्ली, मुकेश सैनी नगरपालिका, श्री जगदीश जांगिड मुख्य चुनाव प्रभारी प्रदेश सभा, डॉ. अशोक जांगिड पूर्व उपप्रधान महासभा जयपुर, श्री मुकेश कलसाड़ा जिलाध्यक्ष भरतपुर आदि अनेक गणमान्य मंचासीन हुए।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर, साफा बंधवाकर श्री मंगतीराम जांगिड तह. अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण द्वारा सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा 90 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिनको प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न, पैन, पुस्तक आदि प्रदान किया गया।

श्री जगदीश चन्द्र जी विधायक महोदय ने समाज को एक जुट रहने का संदेश दिया।

अतिथियों द्वारा शिक्षा के प्रति छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। समाज में व्याप्त कुरुतियों पर भी प्रकाश डाला। मंत्री महोदय ने जांगिड समाज को अपनी ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष भरतपुर एवं उनकी टीम को भी बधाई प्रेषित की गई।

मंच संचालन श्री गोवर्धन प्रसाद जांगिड बयाना द्वारा किया गया। इस अवसर पर विजय शर्मा, सत्यप्रकाश, मुरारी, कन्हैयालाल, रमेश शर्मा, कमलेश आदि उपस्थित थे।

**श्रीमती एवं श्री वेद प्रकाश आर्य द्वारा अपने स्व. पुत्र की पुण्य स्मृति में विश्वकर्मा भवन के प्रथम मंजिल में निर्माण करवाकर विश्वकर्मा जयंति 2019 को समाज को समर्पित किया**

श्रीमती लाड़बाई एवं श्री वेद प्रकाश आर्य सुपुत्र स्व. पं. रामेश्वर प्रसाद वैदिक व स्व. श्रीमती दाखा देवी गोठड़ीवाल निवासी भगवतगढ़ द्वारा अपने स्व. पुत्र पुष्पेन्द्र की पुण्य स्मृति में 202551/-रु. की लागत से श्री विश्वकर्मा आश्रम के प्रथम मंजिल के फर्श का निर्माण करवाया तथा विश्वकर्मा जयंति 2019 के पावन अवसर पर लोकार्पण कर समाज को समर्पित किया।

आर्य समाज वैशाली नगर जयपुर में अर्थववेद परायण यज्ञ में पूर्णाहूति के अवसर पर उन्होंने आर्य समाज एवं वैदिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार करने हेतु अपने पुत्र की स्मृति में 51000/- रु. का सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर आपको सम्मानित भी किया गया।

**संत श्री दुलाराम श्री कुलरिया जी की चतुर्थ पुण्य तिथि हरिराम सत्संग व भजन संध्या के साथ मनाई**

12 अगस्त, 2019 को संत श्री दुलाराम कुलरिया जी की चतुर्थ पुण्य तिथि के पावन अवसर पर हरिराम सत्संग कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायक कलाकारों के साथ ही भजन सम्राट अनूप जलोटा की सुन्दर प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम एवं सत्संग स्थल संत श्री दुलाराम जी कुलरिया की ढाणी, मूलवास, सीलवा, नोखा, बीकानेर में रखा गया।

पिता द्वारा देव संस्कारों व आदर्शों में सम्मलित सामाजिक सरोकारों में सदैव समर्पित सुपुत्र श्री भंवर-नरसी-पूनम कुलरिया द्वारा

अपने देव तुल्य पिता की चतुर्थ पुण्य तिथि पर उनको परिवार सहित स्मरण कर एक संदेश भी दिया कि सुयोग्य संतान वही है जो अपने माता-पिता तथा पूर्वजों के कर्म व कीर्ति को आगे बढ़ाए। यह साक्षात् कर दिखाया इन तीनों पुत्रों ने। तीनों पुत्र अपने माता-पिता को साक्षात् लक्ष्मीनारायण के रूप में मानते हैं। संत शिरोमणी स्वामी रामसुख दास जी महाराज के अनुसार पुत्र का आचरण भगवान श्री राम की तरह हो इसी तर्ज़ पर तीनों भाईयों ने अपने पिता के बताए मार्ग पर चलकर उनके सेवा कार्य को ही आगे बढ़ाया। आप तीनों भाईयों का भंवर जी का भंवर इंटीरियर्स, पूनम जी का बी.एन.पी. तथा नरसी जी जो इंटीरियर जगत् का एक आयकॉन हैं, नरसी इंटीरियर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. एवं नरसी एण्ड एसोसिएट के एम.डी. हैं। आपने देश में ही नहीं दुनिया में अपना सिक्का जमा रखा है। आप लोगों की कम्पनियों को कितने अवॉर्ड मिल चुके हैं। कितनी जगह देश में आप सम्मानित हुए यह आपके माता-पिता का ही आशीर्वाद आप लोगों पर बना हुआ है और आप सबका साथ सबका विकास तथा मेक इन इण्डिया, स्किल इण्डिया आदि को आगे बढ़ाने में सार्थक कदम बढ़ा रहे हैं। सामाजिक सरोकारों में भी आपके परिवार को दिल खोलकर मदद करते हैं। गौशालाओं, शिक्षा तथा छात्रावासों, पर्यावरण आदि में सभी तरफ से आप पूर्ण सहयोग दे रहे हैं।

इस अवसर पर कुलरिया परिवार, श्रीमती रामप्यारी देवी कुलरिया धर्मपत्नी देवलोक गमन संत श्री दुलाराम जी कुलरिया, गौ सेवी संत श्री पदमाराम जी कुलरिया, उगमाराम जी कुलरिया, देवाराम जी कुलरिया, मघा राम जी कुलरिया (भ्राता) एवं श्री कानाराम, भूराराम, शंकर लाल, चौमाराम, धर्मचन्द, दीपक, सुखदेव, लालचन्द, अशोक, जय कुलरिया (भ्राता पुत्र), राजेश, नरेन्द्र, गोपी, जगदीश, मोहित, जनक, अभिषेक, जयंत, तनय, दिव्यम (पौत्र) एवं सभी कुलरिया परिवार मूलवास सीलवा। सभी कुलरिया परिवार द्वारा संत श्री दुलाराम जी कुलरिया जी के चित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजली दी।

इस अवसर संत-महात्माओं ने, प्रशासनिक अधिकारीगण, राजनैतिक क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग श्रद्धांजली देने पहुँचे।

केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल जो बीकानेर से सांसद भी हैं वे भी पुण्य तिथि पर पहुँचकर संत जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजली दी। उन्होंने स्वयं ने भजन भी गाए। श्री ओम बिड़ला स्पीकर लोकसभा भी पहुँचकर श्रद्धांजली दी। सींथल पीठाधीश क्षमाराम महाराज नोखा, विधायक बिहारी लाल विश्नोई। इसके अलावा हमारे समाज के श्री पुखराज पाराशर सलाहकार मुख्यमंत्री एवं महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी, श्री जगदीश चन्द्र जी एमएलए सादुलशहर, श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) प्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली, श्री रमेश चन्द जी शर्मा (इन्कम टैक्स डिपार्टमेन्ट), श्री श्रीगोपाल चोयल उद्योगपति अजमेर, श्री रमेश चन्द सीदड़ प्रवक्ता महासभा दिल्ली, श्री प्रदीप जी माकड़ मुम्बई, श्री राज जांगिड अभिनेता, श्री त्रिलोक चन्द एंकर, श्री अमराराम जी उद्योगपति दुबई, श्री प्रेमसुख जी (इंजी.) जोधपुर आदि ने उपस्थित होकर संत जी को श्रद्धांजली अर्पित की।

मनुष्य जीवन में कर्मों से ही जाना जाता है। अच्छे कर्म करने वालों को लोग सदियों तक याद करते हैं। प्रबुद्धजनों ने ऐसे ही विचार श्री संत जी के लिए रखे। वे गौ सेवा में सदैव अपनी जीवनकाल में अग्रणी रहे तथा समाज सेवा में भी आपके द्वारा अनेक कार्य किए गए।

संत दुलाराम जी के सुपुत्रों श्री भंवर जी, नरसी जी एवं पूनम जी कुलरिया द्वारा सभी लोगों का स्वागत किया।

## विश्वकर्मा युवा संस्थान सांचौर की कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

विश्वकर्मा युवा संस्थान सांचौर की कार्यकारिणी की बैठक छात्रावास में सुरेश डी. सुथार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें नरसी एसोसिएट्स की तरफ से भोजनशाला निर्माण, श्री मगाराम जी कुलरिया (मुम्बई) बीकानेर की तरफ से एक हॉल निर्माण कराने की घोषणा की। जांगिड प्रतिभा खोज परीक्षा 2019 के आयोजन, छात्रावास में एक दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन पर विस्तार से चर्चा हुई। छात्रावास की व्यवस्थाओं पर सभी ने खुशी जाहिर की। वार्डन रमशे जी वेगड़ का कार्य बहुत सराहनीय है। वर्तमान में 65 स्टूडेंट्स छात्रावास का लाभ ले रहे हैं। जिन्हें नाश्ता, भोजन सहित तमाम सुविधाएं विश्वकर्मा युवा संस्थान द्वारा प्रदान की जाती हैं। इंडोर गेम के लिए श्री सुरजन जी राजोतिया अर्नय की तरफ से 21000/-रु. टेबल टेनिस टेबल के लिए भेंट किए गए। सभी 40 कमरों में भामाशाओं द्वारा बेड की सुविधा इस सत्र से प्रदान की गई। भामाशाओं द्वारा सभी व्यवस्थाओं हेतु श्री जीवाराम जायलवाल हाल मुम्बई द्वारा 63000/-रु. की नकद राशि प्रदान की। परिसर में शानदार पुस्तकालय, जिसमें आवश्यकतानुसार सभी बुक्स की व्यवस्था। श्री ओमप्रकाश जी राजोतिया लेखाकार द्वारा सभी के लिए शानदार गोठ का आयोजन रखा। बैठक में अध्यक्ष सुरेश डी. सुथार कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल सुथार सह. कोषाध्यक्ष, प्रकाश सुथार उपाध्यक्ष, बाबूलाल सुथार, भागीरथ सुथार, ओमप्रकाश सुथार, हनुमान प्रसाद, रमेश सुथार, जलाराम सुथार, प्रहलाद, आशु राम सुथार, भरत सुथार, जवाहर सुथार, मंगलाराम सुथार, मोहनलाल सुथार, वासुदेव, अर्जुन राम सुथार, मनोहर लाल सुथार, दिनेश सुथार सहित छात्र व अभिभावक उपस्थित थे।

## श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति जयपुर द्वारा सामूहिक गोठ एवं आमसभा का आयोजन सम्पन्न

दिनांक 8 सितम्बर, 2019 को श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति जयपुर द्वारा समिति के कार्यालय पर समाज बंधुओं की सपरिवार सामूहिक गोठ का आयोजन किया गया। इसी अवसर पर समिति की आम सभा भी 4 बजे से आयोजित की गई। इसमें बाहर से आए हुए समाज बंधुओं का माल्यार्पण एवं दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। जिसमें सर्वश्री हरिराम जांगिड नांवा (नागौर), पतराम जांगिड चूरू, राधेश्याम जांगिड निवाई, राजकुमार जांगिड अध्यापक थोलाई, राम किशोर जांगिड मलवास दौसा था।

मीटिंग की कार्यवाही करते समय गत बैठक के कार्यवृतो की पुष्टि

कराई गई। समिति की गतिविधियों एवं वित्तिय स्थिति पर संक्षिप्त प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर सर्व श्री पी.डी. शर्मा सेवा निवृत अधिकारी केनरा बैंक, आर.डी. शर्मा पूर्व अध्यक्ष समिति, रामकिशोर जांगिड अध्यापक मलवास आदि ने नए सदस्यों की कमी, शिक्षा के क्षेत्र में भी काम करने की आवश्यकता तथा समिति अध्यक्ष पद के चुनावों की सूचना सभी सदस्यों को देना पारदर्शिता रखना और सामान्य सदस्यों से छोटे–छोटे दान को ऑन लाईन देने के प्रयास करने तथा नए सदस्य बनने पर जोर दिया गया।

भगवान श्री विश्वकर्मा की आरती प्रार्थना की गई। इसके बाद सामूहिक गोठ का समाज बंधुओं ने आनंद लिया। इस अवसर उपस्थित सदस्यों ने अन्य भी सुझाव दिए, जिनके लिए समिति के अध्यक्ष महोदय श्री जी.पी. शर्मा ने धन्यवाद दिया।

**जिला सभा बूंदी द्वारा 23 नवम्बर, 2019 को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन**

10 सितम्बर, 2019 को श्री विश्वकर्मा मन्दिर छत्रपुरा रोड़, कुम्भा मार्ग स्टेडियम पर आयोजित अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा की बैठक में 23 नवम्बर, 2019 को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन पूर्व में लिए प्रस्ताव पर चर्चा कर तय किया गया।

सम्पर्क सूत्र : नवल कुमार जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष 9414175668, घासी लाल जांगिड महामंत्री 8890137439, श्री रतनलाल जांगिड जिला अध्यक्ष 9001027355, धनराज जांगिड उपाध्यक्ष 9462828755

**श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति जोधपुर का वार्षिक स्नेह मिलन एवं साधारण सभा का आयोजन सम्पन्न**

8 सितम्बर, 2019 को श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति अरिहंत नगर, पाल रोड़ छात्रावास, जोधपुर का वार्षिक स्नेह मिलन एवं साधारण सभा का आयोजन हुआ। जिसमें सर्वप्रथम 10 बजे डी.पी. शर्मा द्वारा हवन का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीमती एवं श्री गेमराम राम जी सुथार एवं श्रीमती एवं श्री विजेन्द्र जी जायलवाल यजमान थे। इस अवसर पर दोपहर 12 बजे अणदाराम जी सुथार द्वारा भव्य संगीतमय सुन्दर काण्ड का पाठ किया गया। तत्पश्चात् सायं 6 बजे वार्षिक स्नेह मिलन का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि श्री मसींगाराम जांगिड एस.डी.एम. राजसमंद तथा अतिथियों में श्री एम.एल. शर्मा रिटायर्ड डी.जी.एम. बीएसएनएल, ओमप्रकाश सुथार एक्सईएन जेवीएनएनएल, श्री गेमराम जी सुथार जिला आबकारी पाली, राजेश शर्मा जी एक्सईएन जी.डब्ल्यू.डी. जोधपुर, ओमप्रकाश सेवालीया रिटायर्ड एईएन, श्रीमती मीना शर्मा से.नि. प्रिंसिपल, श्रीमती स्नेहलता दम्भीवाल महिला जिला अध्यक्ष, श्रीमती मीना जांगिड एवं श्री भारतभूषण शर्मा न्याय परिषद जिलाध्यक्ष, श्री डी.पी. शर्मा आदि।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामदीन शर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर समाज की प्रतिभाओं जिन्होंने सन् 2019 में 80% से अधिक अंक प्राप्त किए उनको सम्मानित किया गया। उनको परितोषिक के रूप में भगवान श्री विश्वकर्मा सेवा समिति संस्थान अन्ना सागर, मदेरणा कॉलोनी द्वारा बैग दिए गए। समाज के प्रतिभावान 55 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजीनियर आशा राम जांगिड ने संविधान के मुताबिक जोधपुर संभाग में कार्य करने के लिए आग्रह किया और आगे के उद्देश्य को लेकर एक राह बनी रहे। समिति के चुनाव होने के पश्चात् इसकी गतिविधियों पर अध्यक्ष श्री रामदीन शर्मा के सान्निध्य में जो कार्य किए गए उन्होंने उसकी सराहना की।

मुख्य अतिथि श्री मसींगाराम ने शिक्षा के महत्व पर बल दिया और विद्यार्थियों को मोबाइल का प्रयोग कम करने की सलाह दी।

श्री गेमराम जी ने समाज में कर्मचारियों को शिक्षित करने पर बल दिया।

श्रीमती मीना शर्मा, स्नेह लता दम्भीवाल एवं श्रीमती मीना जांगिड ने समाज में नारी शक्ति को बढ़ावा देने पर बल दिया।

अन्त में अध्यक्षता कर रहे रामदीन शर्मा ने अवगत कराया कि समिति का क्षेत्रफल जोधपुर संभाग है इसका विस्तार किया जाए ताकि जांगिड ज्योति द्वितीय पत्रिका का प्रकाशन कराया जा सके। समिति के सिल्वर जुबली समारोह भी भव्य रूप से मनाया जाएगा।

मंच संचालन सचिव श्री जसराज सुथार एवं श्री चूनाराम सुथार द्वारा किया गया।

**बीएनपी इंटीरियर कम्पनी द्वारा इंटरनल क्रिकेट मैच का आयोजन सम्पन्न**

अगस्त माह के अन्तिम सप्ताह में बीएनपी इंटीरियर कम्पनी द्वारा इंटरनल क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य समय–समय पर बॉडी फिटनस एवं शरीर को फिट करने के लिए था। जब शरीर और बॉडी फिट होगी तो कम्पनी भी फिट होगी। इसलिए समय–समय पर खेलते रहना चाहिए।

बीएनपी इंटीरियर के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री पूनम कुलरिया ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन व मनोबल बढ़ाने के लिए क्रिकेट खेला।

**जांगिड संभाग मीडिया प्रभारी नियुक्त**

जयपुर। संकल्प से सिद्धि महाअभियान भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश संयोजक डॉ. लोकेश चतुर्वेदी ने अरविन्द जांगिड ठीकरिया (निवासी ग्राम पोस्ट ठीकरिया, तहसील सिकराय, जिला दौसा) को महाभियान का जयपुर संभाग मीडिया प्रभारी नियुक्त किया।

यह नियुक्ति जांगिड की संकल्प से सिद्धि महाअभियान से जुड़कर मोदी जी के सपनों का नया भारत बनाने से संबंधित नवभारत निर्माण महाअभियान के तहत लंबे समय से सक्रियता से कार्य करने पर प्रदेश कार्यालय में बैठक के दौरान औपचारिक घोषणा की गई।

जांगिड पूर्व में भी अनेकों संस्थाओं में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं और वर्तमान में राष्ट्रीय मंत्री आईटी अ.भा.जां.ब्रा. महासभा के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।